INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# दैनिक यूनिक समय

मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-448 | मथुरा, शनिवार, 18 मई 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



# आग भरी बरसात में भीग रहा भविष्य

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** चिलचिलाती धूप 47 डिग्री तापमान आसमान उगल रहा आग। वयस्क तो इस गर्मी को सहन ही कर पा रहे और नौनिहाल की हालत तो बद से बदतर होती जा रही है। जब तक बच्चे घर न आये माँ के पास सब्र करने के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं रहता। अधिकतर स्कूल और स्कूल बसों की हालत बद से बदतर है। क्लास मे बच्चे गर्मी में लाल चेहरे में नजर आते है और यदि लाइट चली जायें तो जनरेटर और इन्वर्टर के अभाव में पंखे बंद



हो जाते है। प्रबंध तंत्र कोई खैर-खबर लेने वाला नही। बसों का भी यही हाल है। यहां शीशा बन्द करें तो गर्मी का प्रकोप और पसीना-पसीना हो रहे बच्चे, यदि गाड़ी को शीशा खोले तो गर्म हवाओं में शरीर उबल रहा है। क्या करे? बच्चे और माँ-बाप । कुछ ही स्कूल है जहां ए.सी. बसे और क्लास रूम है। मगर अधिकतर परिवार इस खर्चे को वहन नही कर पा रहे और बच्चो को झुलसा रहे है। अब न तो बच्चो में प्रतिरोधकता क्षमता है आर न ही माँ-पिता और परिवार की। मौसम विभाग की मानें तो अभी हीट वेव से लोगों का



सामना तीन-चार दिन और होगा। राहत मिलने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। बढ़ते तापमान के कारण शहर की सड़क और प्रमुख बाजारों में दोपहर 12 बजे से लेकर पांच बजे तक सन्नाटा दिखाई दे रहा है। डॉक्टर भी सलाह दे रहे हैं कि दोपहर के वक्त घर से बाहर नहीं निकले। अब स्कूल से लौटते बच्चे सबसे अधिक देखे जा रहे हैं। बसों में बैठे-बैठे बच्चों को परेशानी महसूस होने लगती है, लेकिन वह क्या करें। स्कूल के संचालकों को जरा भी दया नहीं आ रही है। वह भी क्या करें, प्रशासन भी छुट्टियों का आदेश जारी नहीं कर रहा है। भले ही बच्चे बीमार हो जाएं। अधिकारियों के बच्चे तो एसी गाड़ियों में स्कूल जाते है और दोपहर के वक्त लौटकर आते हैं। उन पर कोई तो असर पड़ने वाला नहीं है।एक अभिभावक ने जिला अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखा है कि जैसा की सर्वविदित है कि इस समय प्रदेश के सभी जिलों में टेंपरेचर 46 प्लस चल रहा है। इतनी भयानक गर्मी में आम आदमी का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। लेकिन जिले में संचालित सभी स्कूल के बच्चे ऐसी भीषण गर्मी में दोपहर को गर्मी से बदहाल हो रहे हैं। बच्चे तो अपने आप में बहुत ही नाजुक होते हैं। डॉक्टर सभी बड़े लोगों को भी सलाह दे रहे हैं कि संभव हो तो घर से बाहर न निकले लेकिन इन बच्चों का क्या? भीषण गर्मी में उनके वाहन भी तपते हुए टीन के डिब्बे की बन रहे हैं। उन्होंने प्राइमरी स्कूल कक्षा आठ तक बच्चों की छुट्टियां घोषित करने का आदेश जारी करने का आग्रह किया है। बच्चे ही देश का भविष्य है।

### मथुरा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# शादी समारोह में जेवर से भरे बैग को चुराने वाला शातिर पकड़ा

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस एवं एसओजी टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। दोनों टीमों ने एक माह पहले मैरिज होम से शादी समारोह के दौरान लाखों रुपए की नकदी से भरे बैग को चुराकर भागने वाले एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने पत्रकारों को बताया कि थाना रिफाइनरी एवं एसओजी टीम द्वारा शादी समारोह/विभिन्न उत्सव कार्यक्रमों में गैस्ट हाउस में मेहमान बनकर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के एक शातिर चोर को चोरी के 17 लाख 85 हजार रुपये सहित गिरफ्तार किया है।

बीती 20 अप्रैल को रिफाइनरी क्षेत्र के ग्राम बाद में बृजरानी मैरिज होम में



पकड़े गए बैग चुराने वाले गिरोह के बारे में जानकारी देते हुए एस पी सिटी डॉ. अरविन्द कुमार।

शादी समारोह में चोरों की टीम मेहमान बनकर घुसी। आंखों में धूल झोंककर रुपयों व जेवरात से भरे बैग लेकर भाग गई। इस घटना का थाना रिफाइनरी में मुकदमा पंजीकृत किया गया। ए.एस.पी./थाना प्रभारी सुश्री ट्विकंल जैन के नेतृत्व में घटना का शीघ्र अनावरण करने के लिए टीम का गठन किया गया। अभियुक्तों की पहचान/शिनाख्त करने के लिए मैरिज होम के करीब/मुख्य मार्गों के सभी सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य तथा मुखबिर की निशानदेही पर चोरी की

## वैवाहिक स्थलों से चोरी करता था उसका गिरोह

घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस टीम ने सीएनजी पेट्रोल पम्प से आगे टाउनशिप पर घटना में शामिल एक चोर विजय सिंह उर्फ पप्पू पुत्र समुन्द्र सिंह निवासी कडिया सासी थाना बोडा जिला राजगढ (म.प्र.) को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बृजरानी मैरिज होम बाद के शादी समारोह से चोरी किये गये रुपयों में से 17,85,000/- रुपये नकद बरामद कर लिए। गिरफ्तार अभियुक्त विजय सिंह उर्फ पप्पू ने थाना कोतवाली क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से भी एक लाख रुपये चोरी की घटना को भी किया जाना स्वीकार किया बताते हैं।

# बिजली न आने से फूटा आक्रोश, किया हंगामा



विद्युत सब स्टेशन पर हंगामा करने आईं महिलाएं।

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। बिजली कटने के बाद पांच दिन से बिना बिजली के रह रहे कृष्णा धाम कॉलोनी के लोगों के सब्र का बांध शनिवार को टूट गया। बिजलीघर पर हंगामा किया।

नंदगांव रोड स्थित कृष्णा धाम कॉलोनी के लोगों ने पास लगे ट्रांसफॉर्मर से बिजली ले रखी थी। विगत कई दिनों से कॉलोनाइजर ने सभी केबलों को हटवा दिया। जिससे पूरी कॉलोनी के लोग परेशानी में डूब गए। पीने का पानी का संकट पैदा हो गया है। हर्ष विद्या निकेतन से आगे की नव विकसित कॉलोनी में सैकड़ों निवासियों ने शनिवार को बिजलीघर का घेराव किया। इस दौरान स्थानियों ने प्रॉपर्टी डीलर पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि धोखाधड़ी में पहले बिजली पानी की सुविधा बताते प्लॉट काट दिए। मगर अब बाहरी कॉलोनी की वजह से बिजली आपूर्ति नही हो रही है। निवासियों ने बिजलीघर जाकर प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी सर्वज्ञ राम का घेराव किया और बिजली आपूर्ति की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय नागरिक जसवंत रैतेला, रामदेव भारद्वाज, प्रवीण, मनोज शर्मा, मीना देवी, लक्ष्मी शर्मा, स्नेहा, सहित दर्जनों उपस्थित थे।

मंथन

### नगर निगम व विप्रा के विकास कार्यों की समीक्षा

# कमिश्नर की बैठक में अधिकारियों ने सुनी बात

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन (मथुरा)।** मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी जनपद के शहरी क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमणों को लेकर गंभीर दिखाई दी। उन्होंने नगर निगम व एमवीडीए के अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए, साथ ही वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना में कराये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया।

शनिवार को मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन करने के बाद टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण और नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। लगभग तीन घंटे तक चली समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अवैध निर्माण कार्य पर



वृंदावन के टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर के मीटिंग हॉल में विप्रा व नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करती मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी, साथ में डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, विप्रा उपाध्यक्ष एसवी सिंह।

सख्त कदम उठाने के निर्देश व लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने की हिदायत भी दी। कमिश्नर ने क्रमबद्ध तरीके से विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों से कार्य प्रगति जानी। उन्होंने विकास प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर सख्त रवैया अपनाने की हिदायत देते हुए कहा कि प्राधिकरण ऐसे मामलों का कड़ाई से निपटारा कराये। विप्रा क्षेत्र में प्राधिकरण की लैंड बैंक बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके। श्रीमती माहेश्वरी ने स्मार्ट सिटी के लंबित कार्यों में तेजी लाने पर जोर

## वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना में विकास कार्य जल्द पूरे हों

## विप्रा को अतिक्रमणों को लेकर सख्त कदम उठाने के निर्देश

दिया। उन्होंने धार्मिक क्षेत्र वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, मथुरा आदि में श्रद्धालुओं की बढती संख्या को देखते हुए इन स्थानों पर सुविधाएं बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, विप्रा उपाध्यक्ष एसबी सिंह, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, विप्रा सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## मिशनरी से जुड़े लोग कर रहे थे दरबे में सत्संग

# हिंदूवादी नेताओं के पहुंचने पर हुए तितर बितर



मांट क्षेत्र के गांव दरबै में एक मकान के अंदर हो रहे सत्संग की सूचना पर पहुंचे विहिप जिलाध्यक्ष विनोद राघव के साथ सीओ गुंजन सिंह व पुलिस।

संवाददाता

**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** गांव दरबे में चल रहे मिशनरी के सत्संग की सूचना पर हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोग सक्रिय हों गए। वहां पहुंच कर जमकर हंगामा किया। इसके बाद लोग तितर बितर हो गए।

शुक्रवार को ग्रामीण देवी सिंह के घर के सामने मिशनरी से जुड़े लोगों ने दो दिवसीय कार्यक्रम रखा था, जिसमें शुक्रवार को लोगों ने सत्संग किया। कई वक्ताओं ने एक धर्म विशेष की तारीफ की। इस धर्म के लोगों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। प्रवचन के दौरान लोगों को बातया गया कि सत्संग करने से तमाम लोगों की बीमारी ठीक हुई। इसके कई वीडियो शुक्रवार की शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हिंदूवादी संगठनों के लोग सक्रिय हो गए, एलआईयू टीम भी सक्रिय हो गयी। शनिवार सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ तो बड़ी तादाद में कार्यक्रम स्थल पर लोग एकत्रित हो गए, जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी।

ज्यादातर महिलाएं एक ही जाति की थीं, कार्यक्रम शुरू होने की सूचना पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद राघव के नेतृत्व में एक दर्जन के करीब हिंदूवादी कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश दीक्षित भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। बाद में सीओ गुंजन सिंह भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गयीं। यहाँ हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा, जिसके चलते कार्यक्रम स्थल से लोग तितर बितर हो गए। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से एक डायरी भी कब्जे में ली है, जिसमें मिशनरी से जुड़े भजन आदि लिखे हुए हैं

हंगामा करने वालों में विहिप के जिलाध्यक्ष मंत्री देवेंद्र सिंह, जिला संयोजक राजू राजपूत, जिलाध्यक्ष सुरक्षा प्रमुख राजन सिंह, जिला मंत्री योगेश गौतम, जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष एके सैनी, प्रखंड संयोजक रोहित राघव, सह संयोजक रामेश्वर सिंह, कृष्ण कुमार, धर्मवीर दुबे व हुक्म सिंह आदि मौजूद रहे।

### क्या धर्म परिवर्तन की योजना थी!

**यूनिक समय मांट (मथुरा)।** विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद राघव ने कहा है कि सत्संग तो बहाना है, मिशनरी से जुड़े लोग गरीब व मजदूर किस्म के लोगों को बरगला कर सनातन धर्म छोड़ दूसरा धर्म अपनाने को इसी तरह धीरे धीरे तैयार करते हैं। उन्होंने कहा है कि स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो उच्च अधिकारियों से मिला जाएगा।

## 25 वर्षों से पानीगांव के किसान को नहीं मिला मुआवजा


**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** करीब 25 वर्ष पूर्व मांट डांगोली पानीगांव सड़क का निर्माण हुआ था, जिसमें सड़क के लिए जमीन देने वाले एक किसान को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

इस सड़क निर्माण के लिए जितने भी किसानों की जमीन उस वक्त ली गयी, सभी से मुआवजे के रूप में उनकी जमीनों का बैनामा करा कर रुपये दिए गए थे।

परन्तु एक किसान फूल सिंह को उस वक्त जमीन का मुआवजा घरेलू विवाद के चलते नहीं मिल पाया था। अब इस सड़क का वृन्दावन से लेकर पानीगांव तक चौड़ी करण चल रहा है तो फूल सिंह ने मुआवजे की मांग करते हुए काम रुकवा दिया। तो आनन फानन में प्रशासन सक्रिय हो गया और फूल सिंह व अन्य ग्रामीणों की एसडीएम से वार्ता कराई। एसडीएम तो इस प्रयास में थे कि किस प्रकार किसान को मुआवजे की रकम मिल सके।

पर मीटिंग में बैठे जमुना पार थाने के एसएचओ किसान को पुलिस कार्यवाही का भय दिखाते रहे। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एसडीएम को अपने जवाबों से सन्तुष्ट नहीं कर सके।

एसडीएम आदेश कुमार ने फूल सिंह को भरोसा दिया है कि वह जल्द पता करेंगें कि उनके मुआवजे की रकम कहां रुकी हुई है और उसे नियमानुसार मुआवजे की रकम दिलाने का प्रयास करेंगे।



आज की खबरें आज ही पढ़ें
पढ़ते रहिए यूनिक समय
www.uniquesamay.com

राधारानी ज्वैलर्स
Fair Price Policy
22KT Hallmarked Gold Rate
₹ 6840/gm
24KT Gold Rate
₹ 7462/gm
3% GST Applicable
C-61, Krishna Nagar, Mathura
Mob. : +91 98377 28991

## द सारंग हाई इम्पेक्ट स्कूल में 20 मई से तीन जून तक समर कैंप



वृंदावन स्थित द सारंग हाई इम्पेक्ट स्कूल में एक पोस्टर को चस्पा करते स्टूडेंट्स।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृन्दावन।** गर्मियों की छुट्टी आते ही बच्चे हो या बड़े सभी में एक अलग ही उत्साह आ जाता है। किन्तु समय के साथ–साथ सामाजिक व्यवस्थाएँ बदली हैं और सम्मिलित परिवार भी कम होते गए है। एकल परिवार में भी या तो माता–पिता दोनों ही या कम से कम एक तो आवश्यक रूप से कार्यरत रहते है। ऐसे में बच्चों के गर्मियों की छुट्टी के समय का सदुपयोग होना बहुत आवश्यक है जिससे बच्चे बहुत दिनों के लिए पढ़ाई के परिवेश से दूर न हों।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए मथुरा जिले के प्रथम क्रेम्ब्रिज बोर्ड स्कूल "द सारंग हाई इम्पेक्ट स्कूल" में समर कैम्प का आयोजन 20 मई से 03 जून तक किया जाएगा। समर कैम्प का आयोजन विद्यालय परिसर, चैतन्य विहार, फेज–1 में ही रखा गया है।

समर कैम्प में विद्यार्थी साइंस प्रोजेक्ट, करियर गाइडेंस, आत्मविश्वास परामर्श, नाटक विधा, नृत्य एवं वाद्ययंत्र तो सीखेंगे ही साथ ही शेक बनाना, कागज के बैग बनाना, फ्रेंडशिप बैंड, पत्तियों के क्राउन, तीलियों से चित्रकला, कहानी कहने की कला व सृजन आदि ढेरों कलाओं का ज्ञान अर्जित करेंगे। अंतिम दो दिनों में विशेष आयोजन रखे गए हैं। एक दिन बच्चों के लिए वाटरपार्क का इंतजाम किया गया है। अंतिम दिन नाटक की प्रस्तुति एवं सीखी हुई विधाओं की प्रदर्शनी का आयोजन होगा जिसमें अभिभावक भी आमंत्रित होंगे।

युवान CLINIC & DIAGNOSTICS

डॉ. सौरभ सिंह ताल्यान
M.B.B.S., M.D. (Paediatrics)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक : बृज चिकित्सा संस्थान दरेसी, मथुरा
: IOCL मथुरा रिफाइनरी हॉस्पिटल : AIIMS (Ex Senior Resident)
डॉ. हिमानी दहिया
M.B.B.S., M.D. (Pathology)
पूर्व चिकित्सक : K.D. Medical College, Mathura
: AIIMS (Ex Senior Resident)
• बच्चों के सभी प्रकार के टीकाकरण (वैक्सीनेशन) की सुविधा उपलब्ध ।
• नवजात शिशु से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की बीमारी का इलाज ।
• खून, पेशाब, हार्मोन्स एवं सभी प्रकार की जाँच रियायती दरों पर।
• घर से सेम्पल लाने की सुविधा उपलब्ध ।
मधु एन्कलेव, पालीखेड़ा, सौंख रोड, मथुरा / मो. 9520033690

संवाददाता/पत्रकार संपर्क करें
मथुरा जिले के गोवर्धन, सौंख, नौहझील, फरह, महावन, नन्दगांव आदि अन्य सभी क्षेत्रों के युवा साथी अथवा अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते हैं।
पवन गैतम (संपादक)
यूनिक बिल्डिंग (जूडियो के सामने)
कृष्णा नगर, चौराहा, मथुरा
Mob. 98371-15157 I 94127-27299

# जीआरपी ने मथुरा जंक्शन से तीन चोर दबोचे

## तीन लाख नकदी समेत जेवर और फोन बरामद


जीआरपी की गिरफ्त में तीन चोरों के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन राजकीय रेलवे पुलिस ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन लाख रुपये, 02 चैन पीलीधातु, आठ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर 18 मई को रेलवे स्टेशन मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर आगरा की तरफ अन्तिम छोर पर बने टीन शेड के पास जीआरपी ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम सुखेन्द्र यादव पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम मछवार थाना किशनी जिला मैनपुरी, सुमित प्रजापति पुत्र सर्वनाम सिंह निवासी ग्राम मानपुर हरि थाना बेवर जिला मैनपुरी तथा इमरान पुत्र हारुन निवासी कटोती कुआ म0न0 32/27 थाना कोतवाली जनपद मथुरा बताया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कुलवीर सिंह तरार तथा गौरव कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

## मथुरा जिले में वैध होर्डिंग्स की जानकारी मांगी

**यूनिक समय, वृंदावन।** सामाजिक कार्यकर्ता महंत मधु मंगल शुक्ला ने कुछ दिनो पहले मुंबई में अवैध एक होर्डिंग्स के गिरने के कारण 18 से 20 लोगो की मौत एवं सैकड़ों लोगो के घायल होने की ह्रदय विदारक घटना को गंभीरता से लिया। उन्होंने आरटीआई के माध्यम से मथुरा के डीएम से सम्पूर्ण जनपद ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों सहित अन्य सभी क्षेत्रों में लगे वैध होर्डिंग्स की संख्या की कितनी हैं। अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध आपके कार्यालय द्वारा समय–समय पर क्या कार्यवाही की गई। इसकी जानकारी देने का आग्रह किया है।


बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ



Narayan Das Agrawal
Chancellor

बेटी है घर और देश की शान समाज में दिलाती एक पहचान

GLA UNIVERSITY MATHURA Recognised by UGC Under Section 2(f)
26 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE
Accredited with A+ Grade by NAAC
12-B Status from UGC

Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Email us at : admission@gla.ac.in
+91-9027068068 www.gla.ac.in


# संग्रहालय में रखी प्राचीन मूर्तियों से स्कूली छात्र–छात्रा हुए रूबरू


अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर राजकीय संग्रहालय में लगाई प्रदर्शनी का शुभारंभ करते अमरनाथ ग्रर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी, साथ में मथुरा संग्रहालय के सहायक निदेशक योगेश कुमार व अन्य।

## संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संग्रहलय दिवस पर हुई संगोष्ठी

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर डेम्पियर नगर स्थित राजकीय संग्रहालय सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार वाजपेयी ने शिक्षा एवं अनुसंधान के केन्द्र–भारत के प्रमुख संग्रहालय विषयक दो दिवसीय विशिष्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य वक्ता राजकीय संग्रहालय झांसी के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक गिराज प्रसाद ने संग्रहालयों का शिक्षा में महत्व एवं योगदान विषय पर व्याख्यान से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का ज्ञानार्जन किया। मुख्य अतिथि ने राजकीय जैन संग्रहालय के ब्रॉशर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजकीय संग्रहालय मथुरा में आने वाले सभी पर्यटकों को एक दिवसीय निःशुल्क भ्रमण की सुविधा एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक जानकारियों से रूबरू भी कराया। संग्रहालय के निदेशक योगेश कुमार ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## डीपीओ कराएं पोषण ट्रैकर पोर्टल पर सभी बच्चों का डाटा फीड : डीएम

**यूनिक समय, मथुरा।** पोषण अभियान अन्तर्गत जिला पोषण/अभिसरण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण ट्रैकर पोर्टल पर सभी बच्चों का डाटा फीड कराने के निर्देश दिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में लाल श्रेणी के बच्चों को चिन्हांकित कर उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखें और उनके माता–पिता को पोषण संबंधी जानकारी दें। सीडीओ मनीष मीना ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घरों पर भ्रमण करते रहने के निर्देश दिए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए आंगनबाडी केन्द्रों को स्वच्छ रखा जाए। साफ–सफाई की आदत को बच्चों के जीवन की रोजमर्रा में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उनके अभिभावकों की काउंसिलिंग करें।

## "बोलती तस्वीर"

# वाह रे! मोबाइल की लत


न गर्मी की फिक्र है न शोर की, ये चार लोग हैं फिर भी मनोरंजन के लिए आपस में बात करने की जगह फोन का सहारा ले रहे हैं। वाह रे फोन की लत। छाया: प्रदीप कांत मिश्रा

## पत्रकार को पितृ शोक

**यूनिक समय, बरसाना।** वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण दयाल गौड़ के पिता मदनलाल गौड़ का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर राजनैतिक दल, व्यापार मंडल, सामाजिक सेवा संस्थान सहित पत्रकारों ने दुःख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


स्व. मदन लाल गौड़

शुक्रवार की रात करीब दस बजे पत्रकार व व्यापारी नेता कृष्ण दयाल गौड़ के पिताश्री मदनलाल गौड़ का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर सुनकर कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार कस्बे के चिकसौली मार्ग स्थित श्मशान स्थल पर किया गया। वहीं उनके ज्येष्ठ पुत्र अटल बिहारी गौड़ ने मुखाग्नि दी। चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रनवीर ठाकुर, रालोद नेता ठाकुर राजेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भगवान सिंह, समाजसेवी बॉबी खंडेलवाल, व्यापारी नेता नरेंद्र सेठ, पूर्व वाइस चेयरमैन गोकुलेश कटारा, भाजपा नेता महेश गौड़, समाजसेवी कैलाशी गौड़, सेवायत उमाशंकर गोस्वामी, पूर्व सभासद लक्ष्मण सिंह, पत्रकार किशन चौहान, पत्रकार राघव शर्मा, पत्रकार योगेंद्र सिंह छौंकर, डॉ. हरशरण, प्रेम प्रभाकर श्रोत्रिय, मनोज गुप्ता, रविंद्र जादौन, नितिन गोयंका, गिरिधारी गोयंका, कपिल मेंबर, राकेश डीलर समेत सैकड़ों लोगों ने शोक जताया है।


के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा
हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

न्यूरोलॉजी विभाग



Dr. Prince Agrawal
DM NEUROLOGY
G.B. Pant Hospital, New Delhi
(Neurophysician)






दिमाग एवं नसों के समस्त रोगों का इलाज
- लकवा, दौरे तथा खून का बहना Brain Stroke (Paralysis), Brain Hemorrhage
- दौरे पड़ना (Epilepsy)
- सिर दर्द (Headache, Migraine)
- पीठ में दर्द, कमर दर्द, नसों की दिक्कत
- पार्किन्सन रोग का होना Parkinson's Disease Movement Disorders (Dystonia)
- मस्तिष्क ज्वर, मेनिनजाइटिस (ब्रेन टी. बी.) Encephalitis, Meningitis (Brain TB)
- मल्टीपल स्केलेरोसिस/ऑप्टिक न्युरेटिस Multiple Sclerosis/Optic Neuritis
- याददाश्त का कमजोर होना Memory Loss (Dementia, Alzheimer Disease)
- माँसपेशी का नष्ट होना Myopathy/Muscular Dystrophy, Neuromuscular Disease
- नसों में कमजोरी होना Peripheral Neuropathy, GBS, CIDP Monoeuritis Multi
- लम्बर एवं सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटस Lumbar & Cervical Spondylitis
- बेहोशी का होना (Syncope)
- सिर चकराना (Vertigo)
- नींद का विकार (Sleep Disorder)
- इलेक्ट्रोफिजियोलश्वजिकल स्टडीज Electrophysiological studies
- कंपन की शिकायत

| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| NCV 2 Limb | 2500 | 1500 |
| NCV 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG 2 Limb | 2500 | 1500 |
| EMG 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG Surface Single Limb | 2000 | 800 |
| EMG Surface Double Limb | 3500 | 1500 |
| Blink Reflex | 4000 | 2500 |
| RNS | 4000 | 2500 |
| BAER | 3000 | 1500 |
| VEP | 3000 | 1500 |
| SSEP | 4000 | 2500 |
| EEG (Routine) | 2000 | 1000 |

ओ.पी.डी. प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक
24/7 आपातकालीन

फ्री ओ.पी.डी. नं. 6 कमरा नं. 2136

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
हेल्थ इंश्योरेन्स से कैशलेस ईलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा








# स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों का कराएं नामांकन : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा की। विद्यालयों को सामाजिक, व्यक्तिगत सहयोग तथा सीएसआर के माध्यम से फर्नीचर उपलब्ध कराने के संबंध में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने डीबीटी की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि सभी बच्चों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से ससमय पैसा उपलब्ध कराया जाए। श्री सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूलों में मेडिकल कैम्प आयोजन कराने, बच्चों की उपस्थिति, नामांकन आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूलों में हेल्थ कैम्प नियमित रूप से लगाये जायें तथा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षक घर–घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करें।

स्कूलों में अधिकाधिक छात्रों के नामांकन हेतु स्कूल चलो अभियान को वृहदरूप से चलाया जायेगा। बीएसए एवं एबीएसए नियमित रूप से

### विद्यालयों को सामाजिक, व्यक्तिगत सहयोग तथा सीएसआर फंड से उपलब्ध करायें फर्नीचर

स्कूलों का निरीक्षण करे, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति चेक करें। बीएसए ने बताया कि डायट के छात्रों के माध्यम से समस्त 1536 विद्यालयों का जियो टैगिंग का कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, सीएमओ डॉ. एके वर्मा, सीडीओ मनीष मीना तथा डीपीआरओ किरन चौधरी आदि उपस्थित थे।

## जवाहर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम बेहतर

**यूनिक समय, मथुरा।** जवाहर इण्टर कॉलेज का उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहबाद की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल का परीक्षाफल 96% तथा इंटर का परीक्षाफल 88% रहा है। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी है।




## गोवर्धन में कर्मचारियों को 16 वर्ष बाद मिलेगा एसीपी का लाभ


गोवर्धन नगर पंचायत कार्यालय पर अनशन कर रही महिला सफाई कर्मचारी का अनशन समाप्त कराकर सांत्वना देती नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा।

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** नगर पंचायत की अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को खुशखबरी दी। उन्होंने 16 वर्ष बाद सभी कर्मचारियों को एसीपी भुगतान करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 में एसीपी का शासनादेश आने के बाद आज तक किसी कर्मचारी को नगर पंचायत द्वारा एसीपी भुगतान नहीं किया गया। एसीपी भुगतान की मांग को लेकर नगर पंचायत की सेवानिवृत सफाई कर्मचारी विरमा देवी नगर पंचायत कार्यालय पर तीन बार धरना दे चुकी है। मगर पत्रावली अपूर्ण होने के चलते उनको एसीपी का लाभ नहीं मिल सका। बता दे की विगत 09 मई को विरमा देवी एसीपी भुगतान की मांग को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में अनशन पर बैठ गई। इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने अधीनस्थों को सेवानिवृत कर्मचारियों की बकाया देनदारियों का नियमानुसार भुगतान करने के निर्देश जारी कर रखे थे।

चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने सभासदों की उपस्थिति में धरने पर बैठी सेवानिवृत सफाई कर्मी विरमा देवी को उनके एसीपी भुगतान की पहली किस्त के रूप में 1 लाख 21 हजार 430 रुपए

### अनशन कर रही महिला सफाई कर्मी को दिया एसीपी का लाभ

### चेयरमैन के प्रयास से महिला सफाई कर्मी ने अनशन किया समाप्त

उनके खाते में भेजकर 10 दिन से चल रहा अनशन धरना समाप्त करवा दिया। चेयरमैन व सभासदों ने धरनारत विरमा देवी को दोपट्टा व माला पहना कर मिष्ठान खिला कर धरना समाप्त कराया। उनका बाकी का एक लाख दूसरी किश्त के रूप में शीघ्र दिया जायेगा।

नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने बताया कि किसी भी कर्मचारी को संतोष जनक सेवा देने पर पूरे सेवाकाल में तीन बार एसीपी लाभ मिलता है। वर्ष 2008 में एसीपी के शासनादेश के बाबजूद भी 16 वर्ष तक किसी ने कर्मचारियों को ये लाभ नहीं दिया। अब अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका पूर्ण करवा कर इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद संजय लवानिया, धर्मेंद्र सिंह, माधव शर्मा, सभासद प्रतिनिधि रिंकू सिंह, नर सिंह एडवोकेट एवं पवन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में गौ संगम कल



पत्रकारों से वार्ता करते मथुरा विभाग प्रचार प्रमुख कमल कौशिक, विभाग संयोजक विष्णु, प्रान्त सह संयोजक मनोज आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले 19 मई को शाम चार बजे से श्री जी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड पर गौ संगम का आयोजन किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में मथुरा विभाग प्रचार प्रमुख कमल कौशिक ने बताया कि गौ संगम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौसेवा गतिविधि प्रमुख अजित महापात्रा होंगे। इसमें ब्रज में गायों की देखभाल और उनकी परिवारों के साथ घटती जीवन शैली के वर्तमान समय मे एक बड़ा संकट समाज के सामने खड़ा होना माना जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में गोवंश हमेशा मनुष्य के परिवार का हिस्सा हुआ करता था। संघ भी उसी परम्परा को पुनः स्थापित करने के लिये अपने गौसेवा गतिविधि के

### ब्रज के संत व 21 गौ स्वयं सेवक अपने अनुभवों को करेंगे साझा

माध्यम से प्रयासरत है। गौ संगम के विभाग संयोजक विष्णु ने बताया कि कल होने जा रहे गौसेवा संगम में संत एवं सुदामा कुटी के महंत सुतीक्ष्ण दास महाराज का मार्ग दर्शन भी प्राप्त होगा। इसमें ब्रज की 21 आत्मनिर्भर गौशालाओं के प्रतिनिधि भी भाग लेकर अपने अनुभव साझा करेंगे।

प्रान्त सह संयोजक मनोज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गो संवर्धन और गो विज्ञान अनुसन्धान का बड़ा केंद्र ब्रज क्षेत्र के नगला चंद्रभान के गांव परखम में अपने प्रथम चरण में कार्यरत है। पत्रकार वार्ता में अजय अग्रवाल तथा माधव उपस्थित थे।

## फ्री कोचिंग के लिए करें 15 जून तक आवेदन

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग का संचालन बीएसए कॉलेज में हो रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2024– 25 हेतु यूपीएससी, यूपीपीसीएस, एनडीए, सीडीएस नीट–यूजी तथा आईआईटी–जेई की कक्षाएं संचालित हैं।

योजना के तहत अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जनपद में शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी राजीव भवन में 15 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने पासपोर्ट साइज फोटो व शैक्षणिक प्रमाणपत्रों 10वीं व 12वीं तथा ग्रेजुएशन की मार्कशीट की छायाप्रति लाकर आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत अभ्यर्थियों को

### विभिन्न वर्ग के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद

### उपलब्ध होगी पुस्तकालय की सुविधा

निःशुल्क शिक्षण के साथ–साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत पंजीकरण करते समय किसी भी तकनीकी समस्या के निस्तारण के लिए कोर्स को–ऑर्डिनेटर डॉ .पीयूष पाण्डेय (मो. 9807524558) व कार्यालय (7417667589, 9761669948) से सम्पर्क किया जा सकता है।

### के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधा में इजाफा

## कॉन्शियस सेडेशन मशीन की सौगात मिली


दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर अतिथियों के साथ प्रतिभागी।

स्वास्थ्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल लगातार अपनी चिकित्सा सुविधाओं में इजाफा कर रहा है। हाल ही में प्रबंधन के प्रयासों से यहां पेडोडॉन्टिक्स विभाग को दूसरी कॉन्शियस सेडेशन मशीन की सौगात मिली है। कॉन्शियस सेडेशन मशीन की उपयोगिता पर आयोजित दो दिवसीय चेतन बेहोशी कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सैकड़ों बीडीएस छात्र–छात्राओं, एमडीएस प्रशिक्षुओं तथा दंत चिकित्सकों को बताया कि कॉन्शियस सेडेशन मशीन छोटे बच्चों की दर्दरहित दंत चिकित्सा का सबसे अच्छा माध्यम है। अहमदाबाद के वक्ता डॉ. आकाश पटदोइया ने बताया कि सेडेशन दंत चिकित्सा आपको आरामदायक बनाए रखती है। यह दांतों की चिन्ता से पीड़ित लोगों या लम्बे समय से इलाज करा रहे लोगों तथा बच्चों के लिए काफी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि कॉन्शियस सेडेशन पूरी तरह से सुरक्षित है। दूसरे दिन जयपुर के विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डॉ. दीपेश प्रजापति ने बताया कि सचेतन बेहोशी एक ऐसी चीज है जो दंत चिकित्सकों को अपने दंत चिकित्सालय में कई रोगियों का इलाज करने की अनुमति देती है। यह चिंता वाले रोगियों के लिए एक शानदार विकल्प है। इसका उपयोग रूट कैनाल, गहरी मसूड़ों की सफाई और दंत प्रत्यारोपण सहित कई उपचारों के लिए किया जा सकता है। दूसरे दिन के अंतिम सत्र में "हैंड्स ऑन प्रोग्राम" के दौरान प्रत्येक पंजीकृत प्रतिभागी को

### विशेषज्ञों ने छोटे बच्चों की दर्दरहित दंत चिकित्सा पर डाला प्रकाश

कॉन्शियस सेडेशन मशीन का प्रशिक्षण देने के साथ उसे काम करने का मौका दिया गया। आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने के.डी. डेंटल कॉलेज में कॉन्शियस सेडेशन की दूसरी इकाई की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बृज मण्डल के दंत पीड़ितों को दर्दरहित उपचार में मदद मिलेगा। प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने कहा कि कॉन्शियस सेडेशन मशीन बच्चों के दंत उपचार में वरदान साबित होगी। संस्थान के डीन और प्राचार्य डॉ. मनेष लाहौरी ने इस सफल कार्यशाला के लिए विभागाध्यक्ष पेडोडॉन्टिक्स डॉ. सोनल गुप्ता और उनके टीम सदस्यों की प्रशंसा की।



### वृंदावन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण, देखी सफाई व्यवस्था

# नगर आयुक्त के कामों से संतुष्ट दिखीं कमिश्नर


निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी के साथ नगर आयुक्त शशांक चौधरी समेत अन्य अधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** मण्डल आयुक्त ऋतु माहेश्वरी ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग में आज सफाई व्यवस्था, वेंडिंग जोन व्यवस्था एवं राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में परिक्रमा मार्ग में सफाई व्यवस्था एवं वेंडिंग जोन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत रूकमणि विहार मल्टीलेवल कार पार्किंग से रमणरेती पुलिस चौकी तक कराई जा रही स्मार्ट रोड के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त आईटीएमएस के अंतर्गत प्रतिदिन किए जा रहे ट्रैफिक चालान की संख्या में वृद्धि किए जाने पर जोर दिया। साथ ही नगर में स्मार्ट लाइब्रेरी एवं फसाड लाइटिंग का कार्य कराए जाने को प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने नगर निगम द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था एवं अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की। निर्देशित किया कि इसी प्रकार निरंतर अभियान चलाकर नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त एवं स्वच्छ रखा जाए।

## गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हो : शैलेंद्र सिंह

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और उसके निस्तारण पर जोर दिया। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट केन्द्रों का संचालन स्वयं सहायता समूहों को देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गांवों में वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें। गांव देहात की सभी नालियों को साफ सुथरा किया जाए। नालियों में मच्छर रहित दवा का छिड़काव किया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन आरआरसी सेन्टर, नाली, सिल्ट चैम्बर आदि कार्यों की स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण किया जाये। डीपीआरओ ने कहा कि यदि प्रधान, सचिव व सफाई कर्मचारी आरआरसी केन्द्रों के संचालन में लापरवाही बरतेगा तो कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सीडीओ मनीष मीना, सीएमओ डॉ अजय कुमार वर्मा, आईएएस प्रशिक्षु रिंकू सिंह राही, डीसी एनआरएलएम दुष्यंत कुमार, डीडीओ गरिमा खरे, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा आदि उपस्थित थे।






# गृह कार्य उत्तर पुस्तिका पाकर बच्चे प्रफुल्लित


गृह कार्य उत्तर पुस्तिकाओं के साथ बच्चे शिक्षक नरेन्द्र चौधरी और रेखा रानी के साथ।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लालपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य के अंतर्गत कक्षा पांच और कक्षा तीन के बच्चों के लिए उनके अभिभावकों की उपस्थिति में निःशुल्क गृहकार्य पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।

एसआरजी शिवकुमार, एआरपी अविनाश शुक्ला, अशोक फौजदार, शिक्षक संकुल विजयवीर सिंह के निर्देशन में वरिष्ठ शिक्षक संकुल नरेन्द्र चौधरी और सहायक अध्यापक रेखा रानी ने अपने व्यक्तिगत खर्चे से पुस्तिकाओं का वितरण किया। ये गृहकार्य पुस्तिकाएं बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में एक शिक्षक के साथ होने का आभास कराएंगी जिससे बच्चों का पढ़ाई से सम्बन्ध नहीं टूटेगा।

# आगरा कैनाल में कूदे भतीजे का शव मिला, चाचा की खोज जारी

संवाददाता

### कोसीकलां के समीप कैनाल में कूदा था युवक

**यूनिक समय, कोसीकलां।** बीमारी से क्षुब्ध युवक ने आगरा कैनाल में छलांग लगा दी। बचाने के लिए उसका चाचा भी कूद गया। खोज में जुटे गीताखोरो को युवक का शव तो मिल गया लेकिन चाचा का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

बताते चलें कि छाता की गोरखधाम कॉलोनी निवासी पदम सिंह का पुत्र नरेंद्र किसी गंभीर बीमारी का शिकार था। जिसका उपचार मेवात जनपद के नूंह में चल रहा था। शुक्रवार को वह चाचा राजवीर सिंह के साथ वह दवा लेकर लौट रहे था। रात करीब साढ़े सात बजे आगरा कैनाल के पास पहुंचे तो नरेंद्र ने शौच जाने के लिए कहा। बताते है कि इसी दौरान वह कैनाल में कूद गया। नरेंद्र के ऐसा करने पर राहगीर इस ओर दौड़े । इस बीच उसका साथ चाचा राजवीर (55) कैनाल में कूद गया। सूचना पर परिजन, पड़ोसी सहित पुलिस मौके पर पहुंच गई। कैनाल में पानी अधिक होने के कारण दोनों को खोजने में सफलता नहीं मिली।

शनिवार को पुलिस ने गोताखोरों के साथ सुबह से खोज शुरू की। इस दौरान युवक नरेंद्र का शव सहार पुल के पास मिला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जबकि उसके चाचा राजवीर की खोजबीन जारी है।

# जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एकेडमिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम


वेटरनरी विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पार्वती राधाकिशन फोमरा स्कूल छात्र–छात्राएं प्रयोगशाला की जानकारी लेती हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ–अनुसन्धान संस्थान के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अकादमिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव, अधिष्ठाता, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, प्रो. रश्मि सिंह ने बताया कि पार्वती राधाकिशन फोमरा स्कूल (बिरला ग्रुप), खामिनी, गोवेर्धन (मथुरा) के कक्षा 11वीं और 12वीं के जीव विज्ञान के छात्र–छात्राओ का एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, छात्र–छात्राओं को आधुनिक समय की जैव–प्रद्योगिकी तकनीकों से परिचित कराना था। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न जैव–प्रौद्योगिक तकनीकियों जैसे आणविक जीव विज्ञान, सूक्ष्म–जैविकी, पादप उत्तक संवर्धन तथा इंस्ट्रूमेंटेशन का प्रयोगशाला–प्रदर्शन भी देखा। साथ ही छात्र–छात्राओं ने उपरोक्त प्रयोगशालाओं में विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम को आयोजित कराने के लिए कार्यकारी अधिकारी, डेरी महाविद्यालय, प्रो. बृजेश यादव ने स्कूल से समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को आयोजित करने में अपना सहयोग प्रदान किया।

## सिहोरा में आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी को लेकर हुई चर्चा

**यूनिक समय, महावन (मथुरा)।** ग्राम पंचायत सिहोरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोनई सीएचसी प्रभारी डॉ बीएस सिसौदिया ने बैठक आयोजित की, इसमें आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शामिल हुई। सोनई सीएचसी प्रभारी डॉ बीएस सिसौदिया ने बताया कि जिस परिवार में जिनके राशन कार्ड में छः यूनिट हैं उन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाएं जा रहे हैं। साथ ही उन सभी की आभा आईडी भी बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जाता है आभा आईडी के अंतर्गत सभी बीमारियों का लेखा–जोखा रखा जाता है उन्होंने कहा कि आज से लगभग डेढ़ माह पहले तीस हजार आईडी थी अब तक लगभग अस्सी हजार आईडी बनाई जा चुकी हैं। कुछ दिनों में लगभग सभी लोगों की आईडी बना कर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने टीकाकरण अभियान को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान डॉ. वीके गर्ग, डॉ. सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप

**यूनिक समय, वृंदावन।** मानव सेवा संघ आश्रम के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में यकायक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी एकजुट हों


संतों को सम्मानित करते आचार्य महंत चंद्र दास महाराज।

प्रमुख संवाददाता

### आनंद महोत्सव के समापन पर संतों का सम्मान

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर श्री राधा रासबिहारी महाराज के द्वितीय प्राकट्य महा महोत्सव अंतर्गत आयोजित अष्टदिवसीय आनंद महोत्सव का समापन हो गया। श्री नामदेव कलाधारी आश्रम पीठाधीश्वर श्री जयराम दास महाराज के कृपा पात्र आचार्य महंत चंद्र दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन पूर्णाहुति हवन के साथ संतों महंतों का स्वागत किया गया। महामंडलेश्वर भास्करानंद महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर खड़े होने का आह्वान किया। विप्र नेता बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि भगवान राम के बाद अब भगवान श्री कृष्ण को उनके स्थान पर विराजमान करने की बारी है। कार्यक्रम में किशोरी शरण महाराज, फूलडोल बिहारी दास महाराज, महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू, महंत मोहिनी बिहारी शरण, महंत रामदास, गोपाल दास बाबा, श्याम सुंदर दास, महंत बिहारी शरण, महंत बलराम दास, सीताराम दास तथा सत्य मित्रानंद महाराज आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता भास्करानंद महाराज ने की। संचालन सेवानंद महाराज ने किया।

# संस्थान में संग्रहित है वृन्दावन के इतिहास की दुर्लभ सामग्री

प्रमुख संवाददाता


ब्रज संस्कृति शोध संस्थान में दुर्लभ सामग्री को देखते हुए लोग।

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्व संग्रहालय दिवस पर गोदा विहार मन्दिर स्थित ब्रज संस्कृति शोध संस्थान ने भागवत की प्राचीन पांडुलिपियों एवं महाकवि जयदेव कृत गीतगोविंद की सचित्र हस्तलिखित ग्रंथों की प्रदर्शनी लगाई। शोधार्थियों व संस्थान में भ्रमण करने वाले लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर वैष्णव साहित्य और प्राचीन भारत की ग्रंथ संस्कृति को जाना।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए संस्थान के सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने गीतगोविन्द पर आधारित भारतीय लघुचित्रों के विषय में जानकारी दी। बताया कि गत 14 वर्षों से ब्रज संस्कृति शोध संस्थान में बिना किसी सरकारी अनुदान एवं दान के निःस्वार्थ भाव से प्राचीन भारतीय पुरा सम्पदा के संग्रह एवं संरक्षण तथा शोध अध्ययन का कार्य किया जा रहा है। संस्थान में लगभग तीन हजार दुर्लभ पाण्डुलिपियां एवं अभिलेख व प्राचीन सिक्के आदि सुरक्षित हैं। इनमें से अधिकतर पाण्डुलिपियाँ अप्रकाशित हैं।संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपाल शरण शर्मा ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रति वर्ष ब्रज संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु विद्वानों, अध्येताओं एवं कलाकारों को ब्रज संस्कृति सम्मानों से सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर राजेश सेन, कलश थापा, सव्यसांची घोष, वंशी तिवारी, सुरेशचंद्र शर्मा, वर्षा आचार्य तिवारी तथा राधारमण वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।

## सेहत के लिए चमत्कारी हैं इस पेड़ के पत्ते

# सुबह खाली पेट करें सेवन, शुगर का होगा खात्मा

**यूनिक समय, मथुरा।** आयुर्वेद में नीम के पत्तों को डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद लाभकारी माना गया है। हर दिन इन पत्तों का नियमित रूप से सेवन करने से ब्लड शुगर को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। इन पत्तों में मौजूद फ्लेवोनोइड्स और अन्य शक्तिशाली तत्व शरीर में पहुंचकर शुगर को कम कर सकते हैं। इनके सेवन का सही तरीका आयुर्वेदिक डॉक्टर से जान लेते हैं।



नीम के पत्ते खाने में कड़वे होते हैं, लेकिन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। नीम के पत्तों में कई औषधीय गुण होते हैं, जो बीमारियों से बचाने में कारगर साबित होते हैं। आयुर्वेद में भी नीम के पत्तों को कई बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। डायबिटीज और स्किन डिजीज से राहत दिलाने में नीम के पत्तों को काफी असरदार माना जाता है। यूपी के अलीगढ़ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सरोज गौतम कहती हैं कि डायबिटीज के मरीजों को नीम के पत्ते खाने चाहिए। इससे उनका ब्लड शुगर कंट्रोल रहेगा और कॉम्प्लिकेशन से बचाव हो सकता है। आयुर्वेद में बताया गया है नीम के पत्तों में तिक्त और कषाय रस पाया जाता है। ये दोनों रस हमारे शरीर में पहुंचकर मधुर रस यानी ब्लड शुगर लेवल को कम कर देते है। आयुर्वेदिक डॉक्टर के अनुसार नीम के पत्तों में शक्तिशाली फ्लेवोनोइड्स समेत कई औषधीय गुण होते हैं, जो हमारी पैंक्रियाज को स्टिम्युलेट करते हैं। इससे ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीज नियमित रूप से नीम के पत्तों का सेवन कर सकते हैं। शुगर से पीड़ित लोगों के लिए नीम के पत्तों का सेवन सुरक्षित माना जा सकता है। अब सवाल उठता है शुगर के मरीज नीम के पत्ते कब और कैसे खाएं। इस सवाल पर डॉ. सरोज गौतम ने कहा कि सुबह–सुबह खाली पेट 4–5 नीम की पत्तियों को चबाकर खाना सबसे ज्यादा लाभकारी होता है। आप पत्तों को खाने के बाद पानी पी सकते हैं।

जो लोग नीम के पत्ते नहीं खा पाते, वे नीम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। नीम का तेल भी स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होता है। नीम के पत्ते शुगर के अलावा स्किन डिजीज से राहत दिला सकते हैं। इन पत्तों का सेवन करने से कई त्वचा रोगों से भी राहत मिल सकती है। इसके अलावा स्वस्थ लोग भी नीम के पत्ते खा सकते हैं। इससे उन्हें स्वस्थ और फिट रहने में मदद मिलेगी। साथ ही बीमारियों का खतरा भी कम हो जाएगा। इन पत्तों को पीसकर चूर्ण भी बनाया जा सकता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर की मानें तो कुछ लोगों को नीम के पत्ते बिल्कुल नहीं खाने चाहिए।

ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है। शारीरिक रूप से अत्यधिक कमजोर, गर्भवती महिलाओं, ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली फीमेल्स, बुजुर्ग और छोटे बच्चों को नीम के पत्ते नहीं खाने चाहिए। इसके अलावा लो ब्लड प्रेशर के मरीजों, शरीर में दर्द से परेशान लोग और जिन लोगों की सर्जरी हुई हो, उन्हें भी नीम के पत्ते नहीं खाने चाहिए।

# फेशियल : अगर घर पर ही लगा लें ये दो चीजें, खिल जाएगा बेजान चेहरा

**यूनिक समय, मथुरा।** फेशियल आमतौर पर इसलिए कराया जाता है ताकि चेहरे पर निखार आ सके, डेड स्किन सेल्स निकल जाएं, चेहरे पर कोई गंदगी या अशुद्धियां हैं तो साफ हो जाएं और स्किन इस तरह चमके कि जो देखे बस तारीफ ही करे। लेकिन, पार्लर से फेशियल कराने पर जेब पर अच्छी खासी मार पड़ जाती है। फेशियल 300 के आसपास से शुरू होकर 1500 तक के भी होते हैं। ऐसे में अगर आप घर में ही फेशियल कर लें तो कितना सही होगा ना? असल में यह पूरी तरह मुमकिन है और बेहद आसान भी।

इंस्टाग्राम पर ऋत्ना मेकओवर नाम के अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। वीडियो पर 55 हजार के करीब लाइक्स हैं। वीडियो में घर पर ही फेशियल करने का तरीका बताया जा रहा है। इस फेशियल को करने के लिए आपको बस 2 स्टेप्स



फॉलो करने हैं।

पहले स्टेप में आपके लेना है एक चम्मच दही और शहद। दोनों को अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर तकरीबन 5 से सात मिनट मलें। इसके इस्तेमाल से ग्लास स्किन पाने में मदद मिलती है। दही स्किन की डेड स्किन सेल्स हटाता है तो शहद के इस्तेमाल से त्वचा कोमल और मुलायम बनती है।

अगला और आखिरी स्टेप है चेहरे पर फेस पैक बनाकर लगाना। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच आटे में एक चम्मच दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद वुडन यानी लकड़ी की चम्मच से चेहरे पर मसाज करें। पैक को चेहरे पर 10 से 15 मिनट लगाए रखने के बाद धो लें। आपको स्किन चमकदार भी दिखेगी और निखरी हुई भी।

**इन बातों का रखें ख्याल:** निखरी त्वचा के लिए रोजाना स्किन की देखरेख जरूरी होती है। इसलिए स्किन टाइप के अनुसार चेहरे के लिए क्लेंजर या फेस वॉश चुनें। मेकअप करती हैं तो रात में चेहरा धोने के बाद ही सोएं। धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं। जितना हो सके धूप से चेहरा बचाकर रखें। केमिकल्स का इस्तेमाल कम करें और एक साथ 2 से ज्यादा एक्टिव इंग्रीडिएंट्स को चेहरे पर ना लगाएं। चेहरे पर बेकिंग सोडा या टूथपेस्ट जैसी चीजों को लगाने से बचें।






## कमजोर आंख की रोशनी मजबूत करने के छह तरीके

# एक महीने में हट जाएगा पावर वाला चश्मा



**यूनिक समय, मथुरा।** आजकल कम उम्र में ही लोगों की आंखों पर पावर वाला चश्मा चढ़ जा रहा है।

चश्मा लगने का प्रमुख कारण आंखों की ठीक ढंग से देखभाल न करना, पोषक तत्वों की कमी या फिर जेनेटिक हो सकता है। लेकिन कमजोर पड़ गई आंख की रोशनी को लाइफस्टाइल में सुधार करके मजबूत किया जा सकता है।

इस लेख में हम आपको योगा एक्सपर्ट रुबिका द्वारा सुझाए गए कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं जिसको आप रोजाना करते हैं तो आखों पर चढ़ा मोटा चश्मा कुछ ही महीनों में उतर जाएगा। तो आइए जानते हैं उन असरदार 6 तरीकों के बारे में।

**कमजोर आंख की रोशनी के लिए सात उपाय**

**पहला तरीका** – आप अपनी हथेलियों को आपस में रगड़िए, फिर उन्हें अपनी आंखों पर रखिए। ऐसा आप तीन बार करें।

**दूसरा तरीका** – आपको अपनी आंखों को 10 बार 5 राउंड में झपकाना है। यानी पूरे 50 बार आंखों को ब्लिंक करना है।

**तीसरा तरीका** – आपको अपने हाथ के अंगूठे को ऊपर नीचे करना है आंख की सीध में।

**चौथा तरीका** – अपनी आंखों को क्लॉकवाइज और एंटी क्लॉकवाइज घुमाइए। ऐसा आप 2 से 3 मिनट करिए।

**पांचवां तरीका** – अपने आंखों को ठंडे पानी से 10 बार छिंटे मारकर धोइए।

**छठवां तरीका** – अपने अंगूठे को क्लॉकवाइज घुमाइए। जैसे अंगूठा घूमे आप उस तरफ आंख को ले जाइए। यह भी आंख की रोशनी मजबूत करता है।

# स्वाद और सेहत से भरी होती हैं चोकर वाली रोटियां



**यूनिक समय, मथुरा।** आटा गूंथने से पहले हम आटे को चालकर चोकर अलग कर देते हैं। उसको जानवरों को खिला दिया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है आज इस चोकर की कीमत ऑनलाइन 500 से 600 रुपए किलो है। इसके पोषक तत्वों के कारण आज इसकी डिमांड बहुत ज्यादा हो गयी है। ऐसे में आज हम आपको इसके चमत्कारिक गुणों के बारे में बताने जा रहे हैं ताकि अगली बार से आप इसको चालकर आटे से अलग ना करें बल्कि उससे बनी हुई रोटियां ही खाएं। तो चलिए बिना किसी देरी के जानते हैं इससे होने वाले फायदे।

**चोकर वाले आटे के लाभ**

अगर आप चोकर वाला आटा खाना शुरू कर देते हैं तो आपके पेट की सेहत कभी खराब नहीं होगी। इससे आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होगा। यह आपकी पाचन शक्ति को मजबूत करने का काम करता है।

इस आटे के सेवन से बवासीर, इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसी पेट और आंतों से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। पेट दर्द, मरोड़, गैस, एसिडिटी, खट्टी डकारें, सीने में जलन जैसी समस्याओं में भी चोकर रामबाण साबित होता है।

इसके खाने से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कंट्रोल में रहता है। चोकर का नियमित सेवन करने से टाइप–2 डायबिटीज से बचा जा सकता है। इतना ही नहीं आप चोकर से सब्जी और लड्डू बी बना सकते हैं।

दही में चोकर डालकर खा सकते हैं। लेकिन, दिन में 20 से 40 ग्राम तक चोकर ही खाना चाहिए। इससे ज्यादा खाने से पेट गड़बड़ हो सकता है, तो आपको इस बात का भी ध्यान रखना है।

## सम्पादकीय

# घातक कीटनाशकों से संकट में भारतीय मसाले

रासायनिक खाद व कीटनाशकों की मार घरों की रसोई में मसालों तक भी पहुंच गई है। कुछ भारतीय ब्राण्ड वाले मसालों में कैंसर का कारण बनने वाले घातक कीटनाशक ज्यादा मात्रा में पाए गए हैं। इस कारण कुछ देशों में ये मसाले प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। वहीं कुछ अन्य देशों ने इन्हें जांच के दायरे में ले लिया है। इनमें कुछ ब्राण्ड तो ऐसे भी हैं जिसके मसाले हमारे यहां रसोई में प्राथमिकता से काम में आते हैं। देश की ये नामी मसाला कम्पनियां भी जब लोगों की सेहत से जुड़े मामले में सतर्क नहीं दिखें, तो चिंता होना स्वाभाविक है।



पवन गौतम
संपादक

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण हालांकि विवादों में आए मसाला ब्राण्डों में कैंसरकारक कीटनाशक पाए जाने की अपने स्तर पर जांच करा रहा है इसलिए नतीजे आने से पहले इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन दुनिया के दूसरे देशों में भारतीय मसाला ब्राण्डों को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वे निश्चित ही देश के तेजी से बढ़ते मसाला निर्यात कारोबार पर विपरीत असर डाल सकती हैं। यह इसलिए क्योंकि वैश्विक मसाला निर्यात में भारत की हिस्सेदारी करीब 12 फीसदी है। हमारा मसाला निर्यात 14.15 मिलियन टन का है। ऐसे में मसाला निर्माता कम्पनियों को यह तो ध्यान रखना ही होगा कि वे लोगों की सेहत से जुड़े मोर्चे पर खास सतर्कता बरतें। वैसे भी मसाला कारोबार में सौ प्रतिशत शुद्धता के साथ उत्पादों का निर्माण करना होता है, क्योंकि यह जीवन से जुड़ा मसला होता है। जिस तरह का विवाद उठा है उससे यह तो लगता ही है कि भारतीय मसाला कम्पनियों ने सेहत से जुड़े अहम बिन्दुओं की अनदेखी की है। हैरत की बात यह है कि दुनिया के दूसरे देश जब एक के बाद एक मसालों की जांच करवाकर तुरत-फुरत रिपोर्ट रखते जा रहे थे, तब हमारे यहां से कहा गया कि जांच बीस दिन बाद हो पाएगी। इसके बाद जब कुछ देशों ने मसाले वापस भेजने शुरू किए तो जिम्मेदारों ने इसे काफी हल्के में लिया और मामले की गंभीरता को समझा ही नहीं। जाहिर है कि नासमझी भरे ऐसे रवैये से परहेज किया जाना चाहिए था। चिंता यह करनी चाहिए थी कि भारतीय ब्राण्डों पर इस तरह का अविश्वास हमारे समूचे मसाला निर्यात को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त है। न केवल मसाला उद्योग और इससे जुड़े निर्यात पर, बल्कि दूसरी खाद्य वस्तुओं के उद्योगों और उनके निर्यात पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। हमारे देश में खाने-पीने के सामान और खास तौर से मसालों में मिलावट की समस्या पुरानी है। हालांकि मिलावट की रोकथाम के लिए जांच की एक तय प्रक्रिया भी है और कानून-कायदे भी, पर समस्या इन्हें सख्ती से लागू करने की ही है। ऐसे आरोपों के बीच देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच व निगरानी व्यवस्था को तत्काल और पुख्ता करने की जरूरत है।

## नजरिया

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

ललित गर्ग

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊमें एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है।



लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फ़ासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दाफाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीक़े में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ग़रीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव ज़रूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से ग़रीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम ग़रीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हक़ीक़त का। हालांकि यह देखना बाक़ी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊमें एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आंकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरुआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफ़रेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को ख़त्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी उंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के उहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।

## विचार-विंडो

# अरविंद केजरीवाल के ताबड़तोड़ सियासी हमलों के गहरे निहितार्थ को ऐसे समझिए

कमलेश पांडे

अरविंद केजरीवाल के ताबड़तोड़ सियासी हमलों से स्पष्ट है कि भाजपा को वह कही का भी नही छोड़ना चाहते हैं, ताकि वह उनके खिलाफ सियासी षड्यंत्र रचने के काबिल ही नही बचे। जैसे पहले उन्होंने कांग्रेस को कमजोर किया और जब खुद कमजोर हुए तो फिर उसी कांग्रेस से गठबंधन करके अपनी सियासी लाज बचा ली।

आम चुनाव 2024 के नाम पर सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत के बाद तिहाड़ जेल से बाहर निकले आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी समेत इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के हित चुनावी विसात बिछानी शुरू कर दी। इसी क्रम में उन्होंने भाजपा पर ताबड़तोड़ हमले किए, जिससे उनके पुराने तल्ख तेवर हर किसी के जेहन में जिंदा हो गए। दरअसल, पहले दिल्ली, फिर पंजाब से कांग्रेस के पांव उखाड़ने के बाद एमसीडी, दिल्ली में भाजपा की जड़ें खोदने वाले अरविंद केजरीवाल एक बार फिर पुराने सियासी अंदाज में आ चुके हैं, जिसके गहरे सियासी मायने हैं।

पहला, अगला पीएम कौन होगा, इस पर संशय खड़ा करके खुद भी रेस में बने रहने का मंसूबा पाले हुए हैं, क्योंकि इंडिया गठबंधन में इस बात पर फैसला 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद ही होगा। उनकी सोच है कि कांग्रेस यदि सम्मानजनक सीट नही जीत पाई तो गठबंधन साथियों की लॉटरी लग जाएगी और फिर किसका नाम पीएम पद के लिए उछलेगा, पहले बताना बेईमानी होगी। इसलिए अरविंद केजरीवाल का यह कहना कि यदि पीएम नरेंद्र मोदी जीते तो अगले वर्ष वह रिटायर हो जाएंगे, फिर शाह को पीएम बनाएंगे, एक ऐसा रणनीतिक हमला है, जिसके बाद भाजपा के अंध भक्त भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। कारण कि एक तो अमित शाह अल्पसंख्यक जैन समुदाय से आते हैं, जिसका कोई जातीय जनाधार नही है, और दूसरे यह कि उनसे ज्यादा सीनियर और योग्य लोग पार्टी में भरे पड़े हैं। भले ही पीएम मोदी से निकटता के चलते उन्हें प्रोमोट किया गया, लेकिन उनका सियासी वर्चस्व समाप्त होते ही गृहमंत्री अमित शाह भी फिर सियासी हाशिये पर धकेल दिए जाएंगे।

कुछ यही समझकर तंज कसते हुए अरविंद केजरीवाल ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि भाजपा 'इंडिया' से पूछती है कि आप का प्रधानमंत्री कौन होगा। मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं, आपका प्रधानमंत्री कौन होगा? क्योंकि नरेंद्र मोदी अगले वर्ष 17 दिसम्बर को 75 साल के हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि खुद मोदी ने भाजपा में 75 साल के बाद सेवानिवृत्ति का नियम बनाया है, जिसके तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी को रिटायर्ड किया गया। उस हिसाब से वह भी अगले साल रिटायर होंगे। उसके बाद अमित शाह को पीएम बनाएंगे। दूसरा, एक देश, एक नेता के चुनाव के अपने खतरे हैं। इससे बचने के लिए ही केजरीवाल इस बात को पब्लिक डोमेन में डाल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भाजपा वन नेशन वन लीडर मिशन पर काम कर रही है, जो दो स्तर पर चल रहा है। पहला, विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे। जैसे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को जेल में डाला। वहीं, अबकी बार जीते तो बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जेल में भेजकर विपक्ष खत्म कर देंगे। दूसरा, भाजपा नेताओं की राजनीति खत्म करना उनका मुख्य मकसद है। इस बार भाजपा जीती तो यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दो माह में हटा देंगे। अगर भाजपा जीती तो वह विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में डाल देगी। इसलिए उससे सावधान रहने की जरूरत है। तीसरा, देश में जारी तानाशाही के विरुद्ध अरविंद केजरीवाल एक मुखर आवाज बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूँ, इसलिए मुझे अब देश के 140 करोड़ लोगों का साथ चाहिए। क्योंकि 'आप' एक छोटी पार्टी है, जिसकी दो राज्यों में सरकार है। 10 वर्ष पुरानी इस पार्टी को भाजपा ने खत्म करने में कोई कसर नही छोड़ी। एक साथ हमारे चार बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया। मगर 'आप' एक सोच है, जिसे जितना खत्म करने की कोशिश करेंगे, यह उतना ही बढ़ेगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि भाजपा को सिर्फ आप से खतरा है, इसलिए उसके नेता हमें कुचलना चाहते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर काम करोगे तो कोई खतरा नही है, लेकिन उन्हें काम करने के बजाय काम करने वालों को खत्म करना है। आप के साथ उन्होंने जो किया वह जनतंत्र नही है।



चतुर्थ, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी तत्पर है। इसलिए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र में अगली सरकार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बनेगी और आम आदमी पार्टी केंद्र में सरकार का हिस्सा होगी। तब दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने यहां तक कहा कि मुझे पद का लालच नही है। एक बार मैंने 49 दिन में ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब मैंने इसलिए इस्तीफा नही दिया, क्योंकि भाजपा हमारी सरकार गिराना चाहती थी, इस कारण मैंने जेल में रहकर सरकार चलाई।

पांचवां, भय, भूख, भ्रष्टाचार मिटाने का वादा करने वाली भाजपा अब उसी का पर्याय बन चुकी है, जिससे लोगों में जनाक्रोश व्याप्त है। अरविंद केजरीवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि सारे भ्रष्टाचारी भाजपा में हैं, क्योंकि जिन पर आरोप लगाया जाता है, उन्हें भाजपा में शामिल करा लिया जाता है। फिर ईडी और सीबीआई से उनके केस खत्म करा दिए जाते हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुझे लगता है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इस्तीफा नही देना चाहिए था। क्योंकि भाजपा का लक्ष्य केवल विपक्षी नेताओं को जेल में डालना है। जब वो हमें हरा नही पाए तो हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा कि केजरीवाल को जेल भेजो, सरकार गिर जाएगी। मगर हम उनकी साजिश में नही फंसे और मैंने जेल में रहकर ही संघर्ष किया।

इस प्रकार अरविंद केजरीवाल के ताबड़तोड़ सियासी हमलों से स्पष्ट है कि भाजपा को वह कही का भी नहीं छोड़ना चाहते हैं, ताकि वह उनके खिलाफ सियासी षड्यंत्र रचने के काबिल ही नही बचे। जैसे पहले उन्होंने कांग्रेस को कमजोर किया और जब खुद कमजोर हुए तो फिर उसी कांग्रेस से गठबंधन करके अपनी सियासी लाज बचा ली। इसी प्रकार वो अब भाजपा पर निशाना साध रहे हैं, जिसके गहरे सियासी निहितार्थ हैं।

## हार्दिक पांड्या पर लगा बैन

# बीसीसीआई ने भारी भरकम जुर्माना भी लगाया





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्हें अब आईपीएल के एक मैच के लिए बीसीसीआई की ओर से बैन का सामना करना पड़ा है। दरअसल लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट के कारण हार्दिक पर एक मैच का बैन और 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम ने इस सीजन अपने लीग स्टेज के सभी मुकाबले खेल लिए हैं और अब उन्हें इस सीजन के भी मैच नहीं खेलना है, ऐसे में हार्दिक पांड्या अगले सीजन में अपना पहला मैच मिस करेंगे और उन्हें उस मैच में खेलने का मौका नहीं मिल सकेगा। दरअसल हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन पहले ही दो मैचों में स्लो ओवर रेट के नियमों को तोड़ चुकी है। ऐसे में तीसरी बार ऐसा करने पर टीम के कप्तान पर बैन लगाया जाता है। आईपीएल 2024 के लिए हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाया गया था। उनके लिए मुंबई इंडियंस के मैनेजमेंट ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाया। हार्दिक की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन इस सीजन बेहद निराशाजनक रहा। हार्दिक पांड्या ने बतौर कप्तान इस सीजन से पहले तक काफी शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन 2024 में उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार मुकाबले ही जीत सकी और वह अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रहे। उन्हें अपने आखिरी मैच में भी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर हार का सामना करना पड़ा है।

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लखनऊ की टीम ने 18 रनों से मैच को अपने नाम किया है। इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स का खेल खत्म होने के बाद 6 विकेट के नुकसान पर 214 रनों का स्कोर बनाया है। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 20 ओवर्स में 196 रनों के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी।

## किआरा आडवाणी पहली बार बनीं कांस का हिस्सा

# हाई स्लिट गाउन में दिखाया किलर लुक



**यूनिक समय,नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपने धमाकेदार स्टाइल और लुक के साथ डेब्यू करने को तैयार हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी फ्रेंच रिवेरा पहुंच गई हैं। 'कबीर सिंह' स्टार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्टाइलिश पोस्ट डाला, जिसमें उनका बहुत ही प्यारा लुक देखने को मिल रहा है। रेड कार्पेट पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरने से पहले किआरा आडवाणी ने अपने लुक की झलक फैंस के साथ शेयर की है। वहीं, एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने जैसे ही रेड कार्पेट पर धांसू एंट्री मारी तो उनके लुक पर हर किसी की निगाहें थम गईं।

कांस 2024 डेब्यू के पहले किआरा आडवाणी ने एक वीडियो शेयर किया जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस थाई–हाई स्लिट वाली आइवरी क्रेप बैक सैटिन ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। बता दें कि उनका ये आउटफिट प्रबल गुरुंग ने डिजाइन किया है। वीडियो की शुरुआत अभिनेत्री एक कार से बाहर आती है और शानदार पोज देते हुए नजर आती हैं। लोग उनकी खूबसूरती और फैशन स्टाइल की सोशल मीडिया पर तारीफ करते हुए थक नहीं रहे हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में किआरा आडवाणी का लुक देख आप भी एक्ट्रेस के फैन हो जाएंगे। किआरा आडवाणी के लुक की बात करे तो उन्हें इस वीडियो में व्हाइट हाई स्लिट गाउन में देखा जा सकता है, जिसमें डीप नेकलाइन है। उन्होंने मैचिंग ईयररिंग्स और हील्स के साथ अपने लुक को पूरा किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किआरा आडवाणी बेहद ही स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं, जिस पर फैंस फिदा हो गए हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो गया।

## रोहित शर्मा ने क्यों बंद करवाया ऑडियो

# कैमरामैन के सामने जोड़ लिए अपने हाथ




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने इस बार आईपीएल में काफी शानदार प्रदर्शन किया उन्होंने 14 मैचों में 32.08 की औसत और 150 की स्ट्राइक रेट से 417 रन बनाए। अब रोहित रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

आईपीएल 2024 रोहित रोहित शर्मा ने अपना आखिरी मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेला। इस मुकाबले में लखनऊसुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया। इस मैच में भले ही एमआई की टीम हार गई हो, लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित रोहित शर्मा ने इस मैच में 38 रनों की शानदार पारी खेली और एक बार फिर से हिटमैन वर्ल्ड कप से ठीक पहले शानदार फॉर्म में लौट गए हैं। इसी बीच रोहित रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें वह कैमरामैन के सामने हाथ जोड़ रहे हैं और उन्हें ऑडियो बंद करने को कह रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद उन्होंने और भी एक बात कही है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में, मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोहित शर्मा को एक कैमरामैन से एक हंसते हुए रिक्वेस्ट करते देखा जा सकता है, जो उसे रिकॉर्ड करते समय ऑडियो को बंद करने के लिए कह रहे हैं। यह घटना तब हुई जब रोहित लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मुकाबले से पहले वानखेड़े स्टेडियम में अपने पुराने साथी धवल कुलकर्णी से बात कर रहे थे। क्लिप में, रोहित को कुलकर्णी से बात करते हुए देखा जा सकता है जब वह रिकॉर्डिंग कर रहे कैमरामैन से एक हंसते हुए अपील करते हैं। हिटमैन ने उनसे अपना वीडियो रिकॉर्ड न करने के लिए कहा, और बताया कि कैसे वह हाल ही में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग के कारण मुसीबत में पड़ गए थे, जिसने सोशल मीडिया पर अफवाहें फैला दीं। रोहित कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अपनी बातचीत का जिक्र कर रहे थे। रोहित ने कैमरामैन से कहा कि भाई ऑडियो बंद करो हां। एक ऑडियो ने मेरा क्या लगा दिया। नाय्यर के साथ रोहित की बातचीत पहले वायरल हो गई थी, जिससे अफवाहें उड़ीं कि मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज आईपीएल 2024 के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ सकते हैं। केकेआर ने बातचीत का वीडियो पोस्ट किया था जिसे बाद में फ्रेंचाइजी ने हटा लिया था। रोहित रोहित शर्मा ने इस सीजन काफी शानदार प्रदर्शन किया। जब से उन्हें कप्तानी से हटाया गया है। फैंस उन्हें काफी सपोर्ट कर रहे हैं। रोहित ने इस सीजन मुंबई इंडियंस के लिए 14 मैचों में 32.08 की औसत और 150 की स्ट्राइक रेट से 417 रन बनाए।




# मशहूर साउथ एक्टर चंदू ने किया सुसाइड, संदिग्ध हालत में मिला शव



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस पवित्रा जयराम की मौत के पांच दिन बाद साउथ टीवी इंडस्ट्री से एक और दुखद खबर सामने आई है। खबर ये है कि चंद्रकांत जिन्हें प्यार से चंदू कहा जाता था। उन्होंने सुसाइड कर लिया है। यह खबर उनके शो 'त्रिनयनी' की सह–कलाकार पवित्रा जयराम के हैदराबाद में एक दुखद कार दुर्घटना में जान गंवाने के बाद आई है। साउथ एक्टर चंदू मणिकोंडा स्थित अपने घर पर संदिग्ध हालत में मृत पाए गए। तेलुगु अभिनेता चंदू के अचानक निधन से उनके फैंस और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोगों को जबरदस्त झटका लगा है।

अभिनेता चंदू उर्फ चंद्रकांत जो अपनी शानदार एक्टिंग की वजह से फेमस थे। वह टेलीविजन जगत के मशहूर एक्टर की लिस्ट में शामिल थे। इतना ही नहीं उनकी साउथ में जबरदस्त फैन फॉलोइंग थी। वहीं एक कार दुर्घटना में अपने करीबी दोस्त और सह–कलाकार पवित्रा जयराम की मौत के कुछ ही दिनों बाद एक्टर चंदू ने आत्महत्या कर ली। बता दें कि चंद्रकांत अलकापुर में अपने घर पर संदिग्ध हालत में मृत पाए गए जो रंगारेड्डी जिले के नरसिंह पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आता है।

टीओआई के अनुसार, जब चंदू ने बार–बार फोन कॉल का जवाब नहीं दिया तो उनके परिवार के सदस्यों ने उनके कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। इतना ही नहीं पुलिस को एक्टर के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। बता दें कि चंद्रकांत की आत्महत्या से कुछ दिन पहले ही पवित्रा जयराम की एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पवित्रा को श्रद्धांजलि दी थी। वहीं अब अभिनेता के यूं अचानक चले जाने से हर कोई हैरान है और सभी उन्हें सोशल मीडिया पर श्रंद्धाजलि दे रहे हैं। बता दें कि जहां पवित्रा ने तेलुगु शो 'त्रिनयनी' में थिलोत्तमा की भूमिका निभाई थी। वहीं चंदू ने उनके पति विशाल का रोल प्ले किया था। इसके अलावा उन्होंने 'जोकाली', 'नीली', 'राधा रमण' आदि शोज में भी काम किया है।

# 'तारक मेहता' के सोढ़ी 25 दिन बाद लौटे घर



### पुलिस की पूछताछ में गुरुचरण सिंह ने किया खुलासा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरुचरण सिंह 22 अप्रैल 2024 से लापता थे। अब 25 दिन बाद वह घर लौट आए हैं। पुलिस ने एक्टर से पूछताछ करने के बाद उनके गायब रहने की वजह बताई है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी उर्फ गुरुचरण सिंह को लेकर दिल खुश कर देने वाली खबर सामने आई है। 25 दिनों बाद एक्टर गुरुचरण सिंह आखिरकार मिल गए हैं। सब टीवी शो में सोढ़ी का किरदार निभाकर घर–घर में मशहूर हुए एक्टर 25 दिनों से लापता थे। उनके पिता ने दिल्ली पुलिस में गुमशुदगी की एफआईआर भी दर्ज कराई थी, लेकिन अब कई दिनों तक गायब रहने के बाद गुरुचरण खुद घर वापस लौटे आए हैं। दिल्ली पुलिस ने वापस लौटने पर सोढ़ी से पूछताछ की और उनके गायब रहने की वजह भी बताई है।

गुरुचरण सिंह के आने के बाद दिल्ली पुलिस ने उनसे पूछताछ की। पुलिस ने उनका बयान कोर्ट में दर्ज करा दिया है। इस दौरान एक्टर ने खुलासा किया कि वह एक धार्मिक यात्रा पर गए थे। दुनियादारी से मन भर गया था इसलिए वह बिना किसी को कुछ बताए घर से दूर चले गए। इन 25 दिनों के दौरान वह कुछ समय के लिए अमृतसर और बाद में लुधियाना में रहे। सोढ़ी कई शहरों के गुरुद्वारों में भी रुके थे, लेकिन जब उन्हें ये एहसास हुआ कि अब घर लौट जाना चाहिए तो वह वापस आ गए।

## सुविचार

हर कोई इस बात से अनजान है कि वो खुद कितना कीमती है।

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि द्वादशी | 01:50-03:59 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र चित्रा | 03:16-05:46 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | 05:32 AM | चंद्रोदय | 03:21 PM |
| सूर्यास्त | 18:59 PM | चंद्रास्त | 03:16 AM |
| सूर्य राशि | वृषभ राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | 11:48 AM-12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:00-04:48 |
| त्योहार/व्रत | मोहिनी एकादशी | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल 05:18 से 06:59 तक | | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### नौतपा के नौ दिन सूर्यदेव को इस तरह से दें अर्घ्य

# बढ़ेगा मान-सम्मान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नौतपा के नौ दिन सूर्यदेव की विशेष पूजा की जाती है। इनकी पूजा करने से व्यक्ति के मान-सम्मान की प्राप्ति होती है और आरोग्य का वरदान भी मिलता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल नौतपा 25 मई को शुरू होंगे और 2 जून को समाप्त होंगे।

नौतपी के नौ दिनों नें बेहद गर्मी पड़ती है। नौतपा, जिसे 'नौ तप' या 'नौ दिन भीषण गर्मी' भी कहा जाता है, हिंदू कैलेंडर में एक विशेष अवधि है जो तीव्र गर्मी से जुड़ी है। यह ज्यादातर ज्येष्ठ मास यानी कि मई-जून में होती है और माना जाता है कि भारत में गर्मी का चरम भी होता है। ज्योतिष शास्त्र में नौतपा को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इन नौ दिनों में धार्मिक अनुष्ठान और दान करने से शुभ फल प्राप्त होता है। इस दौरान कई लोग व्रत भी रखते हैं। नौतपा के नौ दिनों में सूर्यदेव की विधिवत पूजा-पाठ करने का विधान है। ज्योतिष के अनुसार, नौतपा के दिनों में सूर्य देव की पूजा-पाठ करने से सभी रोग दोष से छुटकारा मिल जाता है और मान-सम्मान में भी वृद्धि होती है। चलिए आपको बताते हैं ,नौतपा के दौरान सूर्यदेव की किस धातु से जल देना चाहिए।

**तांबे के लोटे से सूर्यदेव को दें जल**

सूर्यदेव को तांबे के लोटे से जल अर्पित करना काफी शुभ माना जाता है। ज्योतिष के मुताबिक, सूर्यदेव तांबे को अपनी प्रिय धातु मानते हैं और तांबे के लोटे से अर्घ्य देने से बेहद प्रसन्न होते हैं। सूर्यदेव को जल अर्पित करने का सबसे उत्तम समय सूर्योदय का समय होता है। तांबे के लोटे में जल भरें, लोटे में थोड़ा-सा अक्षत, लाल चावल, फूल और कुमकुम भी डालें।

सूर्यदेव के मंत्र का जाप करते हुए, सूर्यदेव को जल चढ़ाए। बता दें, सूर्यदेव को जल अर्पित करने से ग्रहों की शांति होती है और कुंडली में सूर्य ग्रह से संबंधित दोष दूर होते हैं। सूर्य भगवान को जल चढ़ाने से सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है।

**पीतल के लोटे से सूर्यदेव को जल दें**

नौतपा के 9 दिनों तक सूर्यदेव को पीतल के लोटे से अर्घ्य दें। इससे व्यक्ति को समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। इतना ही नहीं, कहा जाता है कि इस धातु से बने लोटे से अर्घ्य देने से व्यक्ति की सारी परेशानियां दूर हो जाती है और सौभाग्य में भी वृद्धि हो जाती है।

**कांस्य के लोटे से जल सूर्यदेव को दें**

सूर्यदेव को कांस्य के लोटे से अर्घ्य दें।

इससे व्यक्ति को शक्ति और साहस का वरदान मिलता है। इसके साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि होती है। वहीं, अगर आपके जीवन में किसी तरह के कार्य में कोई रूकावटें आ रही है, तो उससे छुटकारा मिल सकता है।

**चांदी के लोटे से सूर्यदेव को दें जल**

नौतपा के नौ दिनों में सूर्यदेव को चांदी के लोटे से अर्घ्य देने से लाभ हो सकता है। साथ ही व्यक्ति के मान-सम्मान में भी वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा ग्रह दोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

# पति के लिए भाग्यशाली मानी जाती है इन गुणों वाली लड़कियां



**यूनिक समय, मथुरा।** आचार्य चाणक्य की नीतियां आज के समय में काफी प्रमाणिक मानी जाती हैं। कहा जाता है इनकी नीतियों को अपनाकर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की परेशानियों का समाधान कर सकता है। चाणक्य की नीतियों के बल पर ही चंद्रगुप्त मौर्य राजा बन पाए।

चाणक्य ने स्त्रियों से संबंधित भी कई नीतियां बताई हैं। यहां हम जानेंगे चाणक्य की उस नीति के बारे में जिसमें उन्होंने स्त्री के ऐसे 4 गुणों के बारे में बताया है जिनके होने से वो पति के लिए भाग्यशाली मानी जाती हैं।

**धैर्य का गुण:** चाणक्य अनुसार जिन स्त्रियों में धैर्य का गुण होता है वो किसी भी परिस्थिति में अपने पति का साथ नहीं छोड़ती। धैर्य का गुण होने पर इंसान किसी भी परेशानी से आसानी से निकल सकता है। धैर्यवान स्त्री अपने पति के लिए भाग्यशाली मानी जाती है। अगर व्यक्ति के अंदर धैर्य है तो दुख के दिन जल्दी ही चले जाते हैं।

**धार्मिक स्त्री:** चाणक्य नीति अनुसार धार्मिक स्त्री भी अपने पति के लिए काफी लकी मानी जाती है। क्योंकि धार्मिक इंसान कभी भी गलत मार्ग पर नहीं चलता।

जिसे भगवान पर विश्वास होता है वो लाइफ में कभी दुखी नहीं होता। धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है।

**शांत स्वभाव स्त्री:** चाणक्य नीति अनुसार जो स्त्री शांत स्वभाव की होती है वो जिससे शादी करती है उसकी किस्मत बदल जाती है।

शांत स्वभाव वाली स्त्री घर का माहौल खुशनुमा बनाए रखती है और हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम होती है। वहीं अत्याधिक क्रोध करना हानिकारक साबित होता है।

**मीठी वाणी वाली स्त्री:** चाणक्य नीति अनुसार जो स्त्री बोलने चालने में अच्छी होती है। जिसकी वाणी में मिठास होती है उससे शादी करने वाला व्यक्ति किस्मत वाला माना जाता है। ऐसी स्त्री अपने पति के जीवन को स्वर्ग के समान बना देती है।

### घर में सीढ़ियां बनवाते वक्त रखें विशेष ध्यान

# वरना संतान को झेलना पड़ सकता है भारी नुकसान

**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु शास्त्र में घर के आग्नेय कोण में सीढ़ियां बनवाने के बारे में। बताया गया कि घर का आग्नेय कोण, यानि दक्षिण-पूर्व दिशा अग्नि का स्थान होता है,अग्नि का स्थान होने से मंगल देव का भी इस पर समान आधिपत्य है। यह स्थान घर में रसोई, विद्युत उपकरण आदि के लिए सबसे अच्छा स्थान माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार आग्नेय कोण, ईशान व वायव्य से ऊंचा तथा नैऋत्य से नीचा रहना चाहिए। आग्नेय कोण का किसी भी दिशा में बढ़ना शुभ नहीं होता है। इसे केवल वर्गाकार या आयताकार रूप दिया जा सकता है। इसलिए घर के आग्नेय कोण में सीढ़ियों का निर्माण नहीं करवाना चाहिए। इस कोण में सीढ़ियां बनवाने से संतान के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार दक्षिण, पश्चिम या फिर नैऋत्य दिशा में सीढ़ियां बनवाना अच्छा रहता है, लेकिन ध्यान रहे वास्तु शास्त्र के अनुसार कभी भी सीढ़ियों के लिए उत्तर, पूर्व, आग्नेय या ईशान कोण का चुनाव नहीं करना चाहिए। अगर आप घर या ऑफिस में सीढ़ियों के निर्माण के लिए इनमें से किसी भी दिशा का चुनाव करते हैं तो आपको इसका दुष्परिणाम झेलना पड़ सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। इससे आपके घर में धन-सम्पदा में कमी आती है साथ ही घर की सुख-शांति और मान-सम्मान की हानि होती है। इसलिए सीढ़ियां बनवाते समय दिशा का ध्यान जरूर रखें।

घर हो या ऑफिस में सीढ़ियां बनवाते समय सबसे पहले जगह का ही चुनाव किया जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर हो या ऑफिस में सीढ़ियों के लिए दक्षिण, पश्चिम या फिर नैऋत्य दिशा का चुनाव करें।

इन दिशाओं का चुनाव करने से आपके घर में धन-सम्पदा का वास होता है और आर्थिक स्थिति अच्छी रहती है।

# एकादशी के दिन करें लड्डू गोपाल जी का मोहिनी रूप श्रृंगार

## सौभाग्य में वृद्धि होगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है। हिंदू धर्म में मोहिनी एकादशी का दिन बेहद ही शुभ माना जाता है। इस दिन विधिवत रूप से विष्णु जी की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि होगी।

सनातन धर्म में एकादशी का काफी महत्व होता है। साल में कुल 24 एकादशी की तिथि पड़ती है। हर एक एकादशी का अपना महत्व होता है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रीहरि विष्णु जी की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करता है। उसके जीवन की सभी परेशानियां दूर हो सकती है और मनोकामनाएं भी पूर्ण हो सकती है। मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के मोहिनी रूप की विधिवत पूजा करने से लाभ हो सकता है। दरअसल, इस साल 19 मई को मोहिनी एकादशी है। इस दिन आप लड्डू गोपाल का श्रृंगार कर रहे हैं, तो कैसे करें, आपको बताते हैं।



## लड्डू गोपाल जी का मोहिनी रूप श्रृंगार सामग्री

लड्डू गोपाल जी की मूर्ति, लाल, पीले और हरे रंग का कपड़ा, मोती, सितारे और अन्य श्रृंगार सामग्री, फूलों की माला, मेवा और मिठाई, धूप और दीपक, जल आदि लें।

## इन मंत्रों का जाप करें

यह सर्वशक्तिमान मंत्र है जो भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंत्र का जाप करने से श्री विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और सभी पापों का नाश होता है।

ॐ नमो नारायणाय। -ॐ वासुदेवाय नमः। ॐ श्रीकृष्णाय नमः। ऊं नमो भगवते वासुदेवाय। ॐ राधे गोविंदाय नमः।

## लड्डू गोपाल जी का मोहिनी रूप मेंश्रृंगार

सबसे पहले आप लड्डू गोपाल जी की मूर्ति को स्नान कराएं और साफ कपड़े से पोछ लें। किसी भी रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी की पीठ के पीछे से लपेटकर, उन्हें एक लहंगे की तरह पहनाएं। पीले रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी के सिर पर ओढ़ाकर, उन्हें एक दुपट्टे की तरह पहनाएं। हरे रंग का कपड़ा लड्डू गोपाल जी के आस-पास बिछाकर, उन्हें एक आसन दें। लड्डू गोपल जी को मोती, सितारे और अन्य श्रृंगार सामग्री से सजाएं। लड्डू गोपाल जी को फूलों की माला पहनाएं। लड्डू गोपाल जी के सामने मेवा और मिठाई का भोग लगाएं। धूप और दीपक जलाकर लड्डू गोपाल जी आरती करें। लड्डू गोपाल जी के मंत्रों का जाप करें।

## सार संक्षेप

### अनुप्रिया पटेल भड़कीं, विरोधियों को दी खुली चुनौती

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की राजनीतिक पार्टी अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल बुरी तरह भड़क गईं। उन्होंने मंच से विरोधियों को चुनौती देते हुए अपनी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने मिर्जापुर में अपने द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया और कहा कि मिर्जापुर है बेमिसाल।

### यूपी के अमरोहा में भीषण सड़क हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में देरात भीषण सड़क हादसा हुआ। सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से रोडवेज बस घुस गई। हादसे में रोडवेज बस में सवार 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। 8 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। रोडवेज बस के चालक को नींद की झपकी लगने से हादसा हुआ। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं जोरदार टक्कर के बाद रोडवेज बस के परखच्चे उड़ गए। बस सीतापुर से दिल्ली जा रही थी। डिडौली थाना क्षेत्र के तहत आने वाले नेशनल हाईवे-9 पर हादसा हुआ।

### उत्तर प्रदेश में पीएनबी ब्रांच में आग लगी

**यूनिक समय, बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पंजाब नेशनल बैंक की खुर्जा शाखा में आज भीषण आग लग गई। दमकल कर्मचारियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुलंदशहर और सिकंदराबाद से भी दमकल की गाड़ियां मंगाई गईं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं आग लगने से बैंक में रखा लाखों रुपये का समान जलकर राख हुआ है।

### नोएडा में फार्म हाउस पर पुलिस की रेड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नोएडा में सेक्टर-135 में एक फार्म हाउस में देरात पुलिस की रेड पड़ी, जहां अवैध शराब और हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को डिटेन किया। छापामारी गुप्त सूचना के आधार पर मारी गई। एक सॉन्ग लॉन्च की पार्टी चल रही थी, जिसमें अवैध तरीके से शराब और हुक्का मेहमानों को सर्व किया जा रहा था, जो जब्त कर लिया गया।

### गाजियाबाद के इंदिरापुरम में भीषण आग लगी

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम के तहत आने वाली अरिहंत सोसायटी में आज भीषण आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया था कि बिल्डिंग में रहने वाले एक ब्लॉक को पूरी तरह खाली करा दिया गया। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं।

# युवक ने शरीर पर डीजल डाला, फिर लगाई आग

## चीखते हुए सड़क पर भागा, युवक अस्पताल में भर्ती



**यूनिक समय, कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने शराब के नशे में खुद को आग के हवाले कर दिया। घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं,परिवार वालों का कहना है कि युवक अक्सर शराब के नशे में घर में लड़ाई करता था। फिलहाल जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आगे की जांच में जुट गई है।

मामला कानपुर के शिवराजपुर थाना के अजौली गांव का है। युवक का नाम प्रांशु है। प्रांशु के परिवार वालों के मुताबिक, वह शराब के नशे में घर आया था। घर आते ही प्रांशु की घरवालों के साथ किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई थी। परिवार का कहना है कि प्रांशु घरवालों से नशे में उल्टा सीधा बोल रहा था।

इसके बाद गुस्साया प्रांशु अपने कमरे में चला गया। इस दौरान प्रांशु के हाथों में माचिस थी। वहीं,उसने कमरे में रखा डीजल उठाया और अपने ऊपर छिड़क लिया। प्रांशु शराब के नशे में इस कदर चूर था कि उसने खुद को माचिस से जलाकर आग लगा ली। देखते ही देखते प्रांशु आग की चपेट में आ गया और चीखने लगा।

प्रांशु की चीख-सुनकर उसके परिवार वाले वहां पहुंच गए और आग बुझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद परिवार वालों ने आग पर काबू पाया। लेकिन इस दौरान प्रांशु पूरी तरह से आग में झुलस गया था। घबराए घर वाले प्रांशु को देख तुरंत आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से डॉक्टर्स ने घायल प्रांशु को हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल प्रांशु का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इस दौरान प्रांशु के घर वालों का कहना था कि वह रोज शराब के नशे में धुत होकर घर आता था और घरवालों से झगड़ा करता था। दो दिन पहले भी उसने शराब के नशे में अपने कपड़ों में आग लगा दी थी लेकिन इस बार उसने खुद ही को आग लगा ली। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 11 आरोपियों को डिफॉल्ट बेल, अलकायदा से कनेक्शन के आरोप में थे गिरफ्तार

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊसे एक मामला सामने आया है, जहां 90 दिन में चार्जशीट न दाखिल होने की वजह से 11 आरोपियों को एक साथ बेल मिल गई। आतंकी संगठन अलकायदा इंडिया सबकॉन्टिनेंट और जमात उल मुजाहिदीन से कनेक्शन में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें अब 90 दिन बाद बेल मिल गई है। लखनऊ हाईकोर्ट ने इन आरोपियों को अब डिफॉल्ट बेल दे दी है। जस्टिस ए आर मसूदी और जस्टिस मनीष कुमार निगम की डबल बेंच ने सभी 11 आरोपियों की डिफॉल्ट बेल मंजूर कर ली है।

आरोपियों की आतंकी संगठन से कनेक्शन के आरोपों के चलते गिरफ्तारी के बाद आतंकवाद निरोधक दस्ता ने 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिसके बाद निचली अदालत में सभी आरोपियों ने लखनऊकी एनआईए कोर्ट में जमानत अर्जी डाली दी थी। हालांकि इससे पहले, 13 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण एनआई कोर्ट ने बेल को खारिज कर दिया था।

# अमेठी में प्रियंका गांधी ने किया रोड शो



**यूनिक समय, अमेठी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव जिताने की अपील की है।

कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार की दोपहर में जायस में रोड शो किया। जायस के सरकुलर रोड से शुरू हुआ रोड शो बस स्टॉप तक पहुंचा। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर चुनाव जिताने की अपील की। रोड शो के दौरान अमेठी से प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा प्रियंका गांधी के

## राहुल गांधी ने भी किया वादा

साथ वाहन पर मौजूद थे। इसके पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अमेठी में जनसभा को संबोधित किया था। राहुल गांधी ने कहा कि किशोरी लाल बीते 40 साल से अमेठी के लिए काम कर रहे हैं। अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वो जो रायबरेली के लिए करेंगे वही विकास कार्य अमेठी के लिए भी करेंगे। प्रियंका गांधी अमेठी में लगातार जनसभाएं और प्रचार अभियान चला रही हैं।

## पटरी के बीच लेटा था युवक, ड्राइवर को दिखा, लगाई ब्रेक पर गुजर गईं तीन बोगियां

**यूनिक समय, कानपुर।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में जाको राखे साईंया मार सके ना कोय सच होती नजर आई है। आत्महत्या करने के इरादे से एक युवक रेल की पटरियों पर ट्रेन के आगे लेट गया। जब तक लोकों पायलट ट्रेन को रोकता, तब तक युवक के ऊपर से ट्रेन के चार डिब्बे निकल गए। जब थोड़ी देर बाद ट्रेन रुकी तब युवक को ट्रेन के नीचे निकाला गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी।

युवक से जब पूछा गया कि ऐसा क्या हो गया, जिसके कारण वह अपनी जान ले लेना चाहता है। तब यह बात सामने आई कि युवक का अपने ही घरवालों से विवाद हो गया था, जिसके कारण वह कानपुर से चलकर उन्नाव तक पहुंच गया। अपने जीवन से तंग आकर वह सुसाइड करना चाहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया। पुलिस के अनुसार, कानपुर के शास्त्री नगर का रहने वाला युवक जिसका नाम ऋषभ सिंह है। इसकी उम्र लगभग 26 साल की है।

# रायबरेली : मनोज पांडेय को घेरने का प्लान तैयार

**यूनिक समय, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के बीच नेताओं के दलबदल का खेल जारी है। नामांकन दाखिल कर चुके उम्मीदवार भी अपना पर्चा वापस लेकर दूसरी पार्टी में शामिल हो जा रहे हैं। ताजा मामला स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कृष्ट मौर्य का है। उत्कृष्ट ने कुशीनदर से अपना नामांकन वापस लेकर कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रियंका गांधी ने उत्कृष्ट का पार्टी में स्वागत किया।

विधायक मनोज पांडेय के बीजेपी में जाने के बाद उत्कृष्ट मौर्य ने कांग्रेस का दामन थामा। इसके साथ ही ऊंचाहार में मनोज पांडेय को घेरने का प्लान तैयार हो गया है। बता दें कि ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडेय ने कल यानी शुक्रवार को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी का दामना थामा था। उत्कृष्ट मौर्य मनोज पांडेय के विरोध में ऊंचाहार से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उत्कृष्ट को पार्टी में शामिल कर कांग्रेस ने



## स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे की कांग्रेस में एंट्री

मनोज पांडेय को घेरने की रणनीति शुरू कर दी है। मौर्य ऊंचाहार रायबरेली से हैं स्वामी प्रसाद और उनके परिवार का रायबरेली में अपने समाज में अच्छा खासा प्रभाव है। रायबरेली में पांचवें चरण में 20 मई को वोटिंग है। दो-तीन दिन पहले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कृष्ट मौर्य ने यूपी की कुशीनगर लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया था। उत्कृष्ट ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरा है। वहीं, इस सीट से उनके पिता भी चुनाव लड़ रहे थे। मगर उन्होंने कल अपना नामंकन वापस ले लिया और कांग्रेस में शामिल हो गए।

## सीएम योगी ने कांग्रेस के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से की

# कहा-ये महात्मा गांधी की पार्टी नहीं



**यूनिक समय, लखनऊ।** महाराष्ट्र के धुले में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और उसके घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से की। उन्होंने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'यह कांग्रेस महात्मा गांधी की नहीं है। यह वह कांग्रेस नहीं है जिसका नेतृत्व सरदार बल्लभभाई पटेल और लोकमान्य तिलक ने किया था। यह सोनिया और राहुल की कांग्रेस है। यह कांग्रेस का एक विकृत संस्करण है।' सीएम योगी ने कहा, 'वे कुछ भी नहीं करना चाहते हैं। अगर आप कांग्रेस का घोषणापत्र देखेंगे, तो आपको लगेगा कि यह मुस्लिम लीग का है, यह आपका (एससी, एसटी और ओबीसी) आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। कांग्रेस ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा समिति बनाई और मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग का 6% आरक्षण देना चाहा और बीजेपी ने हमेशा इसका विरोध किया।'

सीएम योगी ने मालेगांव में कहा, 'औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस में घुस गई है। मैं पाकिस्तान समर्थकों से उस देश में जाकर भीख मांगने के लिए कहता हूं, उस देश की प्रशंसा करने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है।'

सीएम योगी ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि मोदी जी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। भगवान राम यह सुनिश्चित करेंगे कि विपक्ष सत्ता में नहीं आए ताकि अयोध्या में उनका मंदिर कोई नहीं तोड़ सके।' सीएम योगी ने कहा, 'राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है।'



UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

## सार संक्षेप

### जम्मू कश्मीर में भूकंप के झटके लगे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर की वादियां आज भूकंप के झटकों से हिल गईं। आज सुबह करीब साढ़े 8 बजे आए भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू कश्मीर से 10 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में आज सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। टेटराई तोलनाई के जंगल में हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली मार गिराया। वहीं अब इलाके में और जंगल में सर्च ऑपरेशन जारी है। रढ किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की।

### हरियाणा में स्कूलों में छुट्टियां पड़ीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां पड़ गई हैं। हरियाणा स्कूल शिक्षा निदेशालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 1 जून से 30 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा हो गई है। आदेशों के अनुसार, सभी स्कूल 1 जुलाई से पहले की तरह खोले जाएंगे।

### राजस्थान में पुलिस एनकांउटर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के ढोलपुर में आज पुलिस और ईनामी बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। एक लाख के ईनामी बदमाश लुक्का डकैत को पकड़ने की सूचना है। बसईडांग के जंगलों में एनकाउंटर हुआ। पिछले दिनों हुई मुठभेड़ के बाद लुक्का पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था। लुक्का डकैत पर 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### आप नेता राघव चड्ढा विदेश से लौटे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता राघव चड्ढा विदेश से लौट आए हैं। आते ही वे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। वे पिछले काफी समय से विदेश में थे, जहां उनकी आंखों की सर्जरी हुई।

### मध्य प्रदेश में बहला फुसलाकर भगाई लड़की

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। हिंदू युवती को बहला फुसलाकर शादी करने का वादा करके एक मुस्लिम युवक भगाकर ले गया। उस पर युवती का धर्म परिवर्तन करने और कलमा पढ़ने का दबाव बनाने का आरोप है। युवक और युवती पहले से परिचित थे। अवधपुरी पुलिस ने धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसाः श्रद्धालुओं से भरी बस में लगी आग

# 10 लोगों की दर्दनाक मौत



### कंगन, कुंडल और कपड़ों से हुई पहचान

### 28से अधिक लोग घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर टूरिस्ट बस में आग लगने से दस लोगों की मौत हो गई। 28 से अधिक घायल हो गए। बस वृन्दावन से लौट रही थी।

हरियाणा के नूंह में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे भीषण हादसा हुआ। यहां श्रद्धालुओं से भरी बस में आग लग गई। अग्निकांड में दस यात्री जिंदा जल गए। जबकि 28 झुलस गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार सभी लोग पंजाब के रहने वाले हैं।

बस में सवार यात्री बीते शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस किराए पर लेकर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे। वृंदावन में सुबह 6:30 बजे पहुंचने के बाद शुक्रवार रात 10:30 बजे बस होशियारपुर के लिए वापस निकली थी। बस में 60 लोग सवार थे। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे। जो पंजाब के लुधियाना होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे। शुक्रवार-शनिवार की रात वह दर्शन कर वापस लौट रहे थे। देर रात डेढ़ बजे के करीब बस में आग लग गई। हादसे से आधा घंटा पहले पेट्रोल पंप पर बस रुकी थी। पेट्रोल पंप पर 30 मिनट तक बस खड़ी रहने के दौरान एसी चल रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एसी में शॉर्ट सर्किट से बस में आग लगी है।

चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बस में सवार पीड़ित श्रद्धालु सरोज पुंज और पूनम ने बताया कि वह आगे की सीट पर बैठी हुई थी। उन्होंने बस से कूदकर जान बचाई। घटनास्थल पर मदद के लिए पहुंचे ग्रामीण साबिर, नसीम, साजिद, एहसान आदि ने बताया कि देर रात करीब 1:30 बजे एक चलती बस में उन्हें आग की लपटें दिखाई दी। उन्होंने आवाज लगाकर चालक को बस रोकने को कहा, लेकिन बस नहीं रुकी।

एक युवक ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर बस का पीछा किया और चालक को आग लगने की सूचना दी। फिर बस रुकी, लेकिन तब तक बस में आग काफी तेज हो चुकी थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। इस बीच बस का चालक भागते हुए ट्रैफिक थाने में पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर ट्रैफिक थाना के 25 पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से खिड़की तोड़-तोड़कर लोगों को बाहर निकाला। इनमें से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में दस लोगों की मौत हो गई, 28 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कड़ा, कंगन, कुंडल और कपड़ों से मृतकों की पहचान की गई है। मरने वालों में छह लोग होशियारपुर के शालीमार नगर के रहने वाले हैं। इनमें से तीन एक ही परिवार के हैं। मरने वालों में गौतम पुत्र राकेश कुमार, शशि सुनीला, सुनीता, अमरावती उषा, शारदा और सुनीता बताए जा रहे हैं। मृतकों में 12 साल की बच्ची योगिता भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार पिछले 20 साल से हर साल अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को तीर्थ यात्रा पर ले जाते थे। हादसे में राकेश कुमार की पत्नी और बेटे की भी मौत हो गई है। कांग्रेस नेता और गुड़गांव (हरियाणा) लोकसभा सीट से उम्मीदवार राज बब्बर ने नूंह बस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। राज बब्बर ने कहा कि 'बहुत ही दर्दनाक और दुखद घटना है जिसमें कुछ लोग मथुरा-वृंदावन से आ रहे थे और बस में अचानक आग लग गई। आठ से ज्यादा लोगों की जलकर मृत्यु हुई है।

भाजपा नेता का बड़ा दावा

### पीएम मोदी की छवि खराब करने के लिए शिवकुमार ने 100 करोड़ रुपये ऑफर किए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देवराजे गौड़ा ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े पेन ड्राइव मामले में डी के शिवकुमार का हाथ है। पीएम मोदी को बदनाम करने और एचडी। कुमारस्वामी की छवि खराब करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी।

प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में बीजेपी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर बड़ा आरोप लगाया है। बीजेपी नेता जी देवराजे गौड़ा ने कहा कि रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो वाली पेन ड्राइव के प्रसार में डीके के अलावा चार अन्य मंत्री भी शामिल थे। देवराजे ने कहा कि शिवकुमार ने बीजेपी और पीएम मोदी को बदनाम करने और एचडी। कुमारस्वामी की छवि खराब करने के लिए मुझे 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। देवराजे गौड़ा को यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया गया था और इस समय वह हिरासत में हैं। देवराजे गौड़ा की पुलिस हिरासत शुक्रवार को समाप्त हो गई। इसके बाद उन्हें जिला जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए देवराजे गौड़ा ने बड़ा दावा किया। देवराजे ने कहा, पेन ड्राइव मामले में डी के शिवकुमार का हाथ है और इस मामले को संभालने के लिए चार मंत्रियों एन। चालुवरायस्वामी, कृष्णा बायरे गौड़ा, प्रियांक खरगे और एक अन्य मंत्री की एक टीम बनाई गई थी। बीजेपी, पीएम मोदी और कुमारस्वामी को बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया। मुझे 100 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी।

## सीएम आवास से गिरफ्तार हुआ बिभव कुमार



### स्वाति मालीवाल पर हमले का है आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आप सांसद स्वाति मालीवाल पर हमला मामले में इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। थोड़ी देर पहले ही दिल्ली पुलिस की टीम सीएम आवास पर पहुंची थी। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी बिभव कुमार को सीएम आवास से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर मारपीट और बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। स्वाति मालीवाल ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज करा दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही दिल्ली पुलिस लगातार बिभव कुमार की तलाश कर रही थी। दरअसल, दिल्ली पुलिस को पहले ही बिभव कुमार के सीएम हाउस में होने का इनपुट मिला था। सूचना के बाद पुलिस टीम में एसएचओ सिविल लाइंस और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ सीएम आवास पर पहुंचे थे। सूचना मिलने के बाद एक गाड़ी सीएम हाउस में पहुंची थी। दिल्ली पुलिस की टीम जब सीएम हाउस पर पहुंची तब वहां पर पहले से ही गेट खुले हुए थे। इस गाड़ी को गेट पर नहीं रोका गया और गाड़ी सीधा सीएम हाउस में चली गई। गाड़ी के लिए पहले से सीएम हाउस में मैसेज था। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम सीधे सीएम हाउस में गई और फिर वहां से बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस बिभव कुमार को लेकर सिविल लाइन पुलिस स्टेशन गई है। बता दें कि गिरफ्तारी से पहले ही बिभव कुमार ने एक मेल किया था, जिसमें उसने हर जांच के लिए साथ देने की बात कही थी। अपने मेल में बिभव कुमार ने लिखा कि 'मैं हर जांच में सहयोग को तैयार हूं। मुझे मीडिया के माध्यम से एफआईआर दर्ज होने के बारे में जानकारी हुई। अभी तक मुझे एफआईआर के बाद कोई नोटिस नहीं दिया गया है। मेरी शिकायत पर भी दिल्ली पुलिस संज्ञान ले।'

### पंजाब में हादसे में चार स्टूडेंट की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाब के पटियाला में हादसे में चार छात्रों की मौत होने की खबर है। एग्जाम खत्म हो गए थे और छात्र पार्टी से लौट रहे थे, तभी रात 2 बजे राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला से बमुश्किल 50 मीटर की दूरी पर उनकी तेज रफ्तार एसयूवी ने एक अन्य को टक्कर मार दी।

### असम के काछार जिले की इमारत में भीषण आग

**यूनिक समय, गुवाहाटी।** असम के काछार जिले के सिलचर शहर की एक इमारत में भीषण आग लग गई। दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर मौजूद है। कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के दौरान एक लड़की इमारत से गिर गई। गिरने की वजह से वह घायल हो गई। लड़की को अस्पताल ले जाया गया है।

### दिल्ली नीट पेपर सॉल्विंग गैंग का भंडाफोड़, गिरफ्तार किए 4 आरोपी

**यूनिक समय, दिल्ली।** पुलिस की नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टॉफ ने नीट 2024 में नकल करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पेपर सॉल्व करने वाले गिरोह में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सरकारी मेडिकल कॉलिजों के दो एमबीबीएस छात्र और उनका साथ देने वालों को गिरफ्तार किया है।

## राजभवन छेड़छाड़ मामले में कोलकाता पुलिस की बड़ी कार्रवाई



### तीन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राजभवन में कथित छेड़छाड़ की घटना में कोलकाता पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने आईपीसी की धारा 341 और 166 के तहत राजभवन के तीन कर्मचारियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की। महिला कर्मी द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों के बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने 9 मई को 100 लोगों को कैंपस के सीसीटीवी फुटेज दिखाए थे। आइए जानते हैं कि क्या है पूरा मामला?

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का आधिकारिक निवास राजभवन है, जोकि कोलकाता में स्थित है। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मी ने कोलकाता पुलिस को शिकायत दी थी कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन में उनके साथ 24 अप्रैल और दो मई को छेड़छाड़ की थी। इसके जवाब में गवर्नर बोस ने कहा था कि चुनाव में राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए ये आरोप लगाए जा रहे हैं।

इस मामले में कोलकाता पुलिस ने राजभवन स्टाफ के तीन सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने एसएस राजपूत, कुसुम छेत्री और संत लाल के खिलाफ कार्रवाई की। धारा 341 और 166 के तहत इन तीनों कर्मचारियों को नामजद किया गया है। महिला कर्मी द्वारा लगाए गए आरोप के बाद राज्यपाल ने 100 लोगों को राजभवन के सीसीटीवी फुटेज दिखाने के लिए आमंत्रित किया। ये सीसीटीवी फुटेज उन दिनों के थे, जिस दिन महिला कर्मी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

इस सीसीटीवी में आरोप लगाने वाली महिला नजर आईं, लेकिन राज्यपाल नहीं दिखे। यह फुटेज राजभवन के कैंपस का था, लेकिन अंदर का फुटेज नहीं दिखाया गया।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालयः- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmailÜcom website : uniquesamayUcom सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053